www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

26 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 09




## पहले चरण का नामांकन समाप्त, दूसरे के लिए चार दिन शेष

# चंपाई, सुदेश, महाली, राधाकृष्ण समेत कई प्रत्याशियों ने किया नामांकन

- -नामांकन कार्यक्रम में इंडी और एनडी गठबंधन के नेताओं ने एक-दूसरे पर साधा निशाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का समय शुक्रवार को समाप्त हो गया। दूसरे चरण के लिए नामांकन के लिए चार दिन अभी बचा है। दोनों चरणों के लिए शुक्रवार को नामांकन हुआ। भाजपा से सरायकेला के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तो आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सिल्ली से नामांकन किया। वहीं, बोकारो से भाजपा के बिरंची नारायण, तो गोमिया से झामुमो के योगेंद्र प्रसाद महतो, चक्रधरपुर से झामुमो के सुखराम उरांव, छतरपुर से कांग्रेस के राधाकृष्ण किशोर समेत अन्य कई प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पहले चरण के नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जायेगी। 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नामांकन के बाद इंडी और एनडीए गठबंधन के नेता एक-दूसरे पर जमकर बरसे। विपक्ष पर निशाना साधा। मतदाताओं से वादे किये, अपने प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। नामांकन के अंतिम दिन तक 500 से अधिक नामांकन हुए। वहीं, दूसरे चरण की 38 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। नामांकन 29 अक्टूबर तक जारी रहेगा। शुक्रवार को 38 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 93 प्रत्याशी हुए हैं।


चंपाई सोरेन


सुदेश महतो


राधाकृष्ण किशोर


बिरंची नारायण


योगेंद्र प्रसाद महतो


सुखराम उरांव

# हेमंत सरकार ने हर वर्ग को धोखा दिया: बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोकारो में पार्टी प्रत्याशी के नामांकन में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने हर वर्ग को धोखा दिया है। झामुमो-कांग्रेस की सरकार ने झारखंड की जनता से पांच सालों तक छल किया है। हेमंत सोरेन ने 2019 में वादा किया था कि गरीबों को साल में 72000 रुपया देंगे। महिलाओं को चूल्हा खर्चा के लिए 2 हजार रुपये प्रतिमाह देंगे। पांच साल बीत गये, लेकिन सरकार ने किसी को कुछ नहीं दिया। बच्चियों को कहा था कि शादी के लिए उन्हें सोने का सिक्का देंगे, लेकिन कुछ नहीं दिया। विधवाओं को भी 2500 रुपये पेंशन देने का झूठा वादा कर उन्हें भी ठगा गया। नौवजवानों को रोजगार देने के नाम पर ठगा। उस समय उन्होंने बाबूजी का कसम खाकर कहा था कि हम शिबू सोरेन के बेटे हैं। अगर पांच साल में पांच लाख नौकरी नहीं दी, तो राजनीति से सन्यास ले लेंगे। बाबूलाल शुक्रवार को पार्टी प्रत्याशी विरंची नारायण के नामांकन के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।



### हेमंत सरकार ने राज्य को लूटा

बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सरकार ने जनता को ठगने के साथ-साथ राज्य को भी लूटा। पूरे पांच सालों तक सरकार ने पत्थर हो, लोहा हो या बालू, कोयला सभी को लूटा। यहां तक की आदिवासी गरीबों की जमीन को भी हेमंत सरकार ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों के जमीनों के कागजों का फर्जीवाड़ा कर बेचा। राज्य सरकार ने सेना की जमीनों को भी नहीं छोड़ा।

### बाबूलाल ने पार्टी के पांच प्रण को गिनाया

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण की योजनाएं आम लोगों तक पहुंच रही है। भाजपा ने गरीबों को पक्का मकान दिलाया। उन्होंने आवास, स्वास्थ्य, शौचालय, किसानों को राशि समेत केंद्र की कई योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने भाजपा की सरकार राज्य में बनने पर किये गये पांच प्रण को पूरा करने की बात कही। उन्होंने महिलाओं को गोगो दीदी योजना के 2100 रुपये, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, युवाओं को रोजगार समेत अन्य वादों का जिक्र किया।

# लुइस मरांडी होंगी जामा से झामुमो उम्मीदवार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने शुक्रवार को लुइस मरांडी को जामा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया। महासचिव विनोद पांडेय ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। लुइस मरांडी ने हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की थी। गौरतलब है कि रघुवर सरकार में मंत्री रहीं लुइस मरांडी ने वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में दुमका विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की थी। इस बार चुनाव में दुमका से भाजपा का टिकट नहीं मिलने के कारण लुइस नाराज थीं। पिछले दिनों वह भाजपा छोड़ कर झामुमो में शामिल हुई थीं।



### बेबी देवी से मुलाकात कर सौंपा सिंबल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को डुमरी से झामुमो प्रत्याशी के लिए सिंबल सौंपा। उन्होंने इस बाबत सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंडी टाइगर स्वर्गीय जगरनाथ महतो आज भले हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी कर्तव्यपरायणता, उनका संकल्प बन आज बेबी देवी जी डुमरी समेत झारखंड की सेवा कर रही हैं। बेबी देवी जी से आज भेंट कर उन्हें डुमरी की महान जनता का प्रतिनिधित्व एवं टाइगर महतो की विरासत को आगे बढ़ाने हेतु दल का सिंबल दिया। टाइगर महतो अमर रहें। जय झारखंड।




## मधु कोड़ा नहीं लड़ पायेंगे चुनाव

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोयला आवंटन घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट के संजीव खन्ना और पीवी संजय कुमार की बेंच ने दिल्ली हाइकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। हाइकोर्ट ने मधु कोड़ा की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

# अकेला सपा में शामिल कांग्रेस पर साधा निशाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस से बरही विधायक उमाशंकर अकेला शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हो गये। कांग्रेस ने इस चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया। उनके बदले इस बार कांग्रेस ने अरुण साहू को चुनावी मैदान में उतारा है। जिससे अकेला नाराज थे। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और बड़े आरोप लगाये। अकेला ने कहा कि टिकट बंटवारे में पैसे का खेल चला है और उनसे दो करोड़ मांगे गये थे। वह दो करोड़ नहीं दे पाये, जिस कारण उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड प्रभारी सभी मिलकर पैसे का खेल खेल रहे हैं। हमें लगता है कि राहुल गांधी को इसकी जानकारी नहीं है।




## मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनेंगे महेंद्र सिंह धोनी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का हिस्सा बनेंगे। इस आशय का पत्र उन्होंने निर्वाचन आयोग को दिया है। निर्वाचन आयोग उनकी तस्वीर का उपयोग स्वीप के कार्यक्रमों में करेगा। वहीं मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करनेवाली उनकी अपील का उपयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने में होगा। महेंद्र सिंह धोनी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के कार्यालय से जुड़ कर मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करेंगे। वह शुक्रवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं। उसमें सर्वाधिक 9 प्राथमिकी गढ़वा जिले में दर्ज हुई हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51.17 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 73,800 रु./10 ग्राम
चांदी 1,01,000 रु./प्रति किलो



# पांचवीं विधानसभा के 70 सदस्य इस बार उतरे हैं मैदान में

## ■ चार विधायक 2024 के संसदीय चुनाव में जीत कर सांसद बन गये

## ■ एक सांसद भी इस बार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा रही हैं

झारखंड विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का काम खत्म हो गया है और दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन भरने का काम अभी चल रहा है। इस चुनाव के लिए सभी प्रमुख दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। झारखंड विधानसभा के इस चुनाव का एक बेहद दिलचस्प पहलू घोषित उम्मीदवारों की सूची पर नजर दौड़ाने से सामने आया है। यह है निवर्तमान विधायकों पर दोबारा भरोसा जताना। झारखंड की विधानसभा में कुल 81 विधायक चुने जाते हैं। 2019 और 2024 के बीच कुल सात विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न कारणों से उप चुनाव कराया गया, जिसमें केवल एक सीट रामगढ़ में बदलाव हुआ। बाकी छह सीटों पर उसी पार्टी का कब्जा रहा, जिसने 2019 में उस सीट पर जीत हासिल की थी। इस बार के चुनाव के लिए विभिन्न दलों द्वारा घोषित उम्मीदवारों की सूची देखने से पता चलता है कि इस बार अधिकांश सीटिंग विधायकों पर राजनीतिक दलों ने भरोसा जताया है। झारखंड की पांचवीं विधानसभा के 81 सदस्यों में से कुल 70 को एक बार फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। जिन 11 विधायकों को टिकट नहीं मिला है, उनमें से चार तो सांसद बन गये हैं। हालांकि कई ऐसे सीटिंग विधायक भी हैं, जिन्होंने पार्टी बदल ली है और नयी पार्टी ने भी उन्हें उनके चुनाव मैदान में उतारा है। इतनी बाड़ी संख्या में सीटिंग विधायकों को चुनाव मैदान में उतारने का मतलब यही है कि झारखंड चुनाव को लेकर कोई भी दल किसी भी तरह का रिस्क उठाने या कोई नया प्रयोग करने के लिए तैयार नहीं है। सीटिंग विधायकों को दोबारा टिकट दिये जाने की इस प्रवृत्ति के पीछे क्या है राजनीति और क्या है इसका संकेत, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड की छठी विधानसभा का चुनाव करने के लिए गतिविधियां पूरे उफान पर हैं। दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होनेवाले चुनाव में कुल 81 विधायक चुने जायेंगे। पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन भरने का काम पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का काम चल रहा है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन और विपक्षी एनडीए के बीच है। इंडी गठबंधन में झामुमो के साथ कांग्रेस, राजद और भाकपा माले है, जबकि एनडीए में भाजपा के साथ आजसू, जदयू और लोजपा-आर है। चुनाव के लिए इन सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। प्रत्याशियों की सूची पर नजर दौड़ाने से एक बात साफ जाती है कि इस बार कोई भी दल किसी किस्म का खतरा मोल लेने के लिए तैयार नहीं है।

इस बात का संकेत इसी तथ्य से मिल जाता है कि इस विधानसभा चुनाव में विभिन्न दलों ने पांचवीं विधानसभा के 81 सदस्यों में से 70 पर भरोसा जताया है। इनका टिकट अलग-अलग पार्टियों ने कन्फर्म कर दिया है। जिन 11 सीटों पर विधायकों को टिकट नहीं मिला है, उनमें से चार विधायक इस वर्ष लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद बन गये हैं। वहीं, पांच विधायकों को संबंधित पार्टियों ने टिकट नहीं दिया। जबकि दो सीटिंग विधायकों की सीट पर संबंधित पार्टियों ने अब तक उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है।

### भाजपा ने 24 सीटिंग विधायकों को टिकट दिया है

जिन 70 वर्तमान विधायकों को अब तक टिकट मिला है, उनमें 24 भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 18 वैसे विधायक हैं, जो पिछले चुनाव में भी भाजपा के टिकट पर जीते थे। जबकि भाजपा ने छह वैसे विधायकों को भी चुनाव मैदान में उतारा है, जो वर्ष 2019 का चुनाव भाजपा से नहीं लड़े थे। भाजपा ने पिछले चुनाव में पार्टी के टिकट पर जीतने वाले जिन विधायकों को फिर से मैदान में उतारा है, उनमें राजमहल से अनंत ओझा, सारठ से रणधीर सिंह, देवघर से नारायण दास, गोड्डा से अमित मंडल, कोडरमा से नीरा यादव, बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनकियारी से अमर बाउरी, धनबाद से राज सिन्हा, निरसा से अर्पणा सेनगुप्ता, खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा से कोचे मुंडा, रांची से सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल, पांकी से कुशवाहा शशिभूषण मेहता, डाल्टनगंज से आलोक चौरसिया, विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर से पुष्पा देवी और भवनाथपुर से भानुप्रताप शाही शामिल हैं। वहीं पार्टी ने धनवार से बाबूलाल मरांडी, बरकट्ठा से अमित यादव, हुसैनाबाद से कमलेश सिंह, जामताड़ा से सीता सोरेन, सरायकेला से चंपाई सोरेन और बोरियो से लोबिन हेंब्रम को मैदान में उतारा गया है। ये सभी पिछले चुनाव में अलग-अलग दलों के टिकट पर चुनाव लड़े थे और विधायक बने थे। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत हासिल की थी।




### झामुमो ने 25 विधायकों को दिया टिकट

झामुमो ने 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इनमें 25 सीटों पर वर्तमान विधायकों को पार्टी ने टिकट दिया है। जिन 25 सीटों पर विधायकों को टिकट मिला है, उनमें से 24 विधायक पिछले चुनाव में झामुमो के टिकट पर चुनाव जीते थे।

झामुमो ने बरहेट से हेमंत सोरेन, महेशपुर में स्टीफन मरांडी, नाला से रविंद्रनाथ महतो, दुमका से बसंत सोरेन, मधुपुर से हफीजुल हसन, गांडेय से कल्पना सोरेन, गिरिडीह से सुदिव्य कुमार, डुमरी से बेबी देवी, टुंडी से मथुरा महतो, बहरागोड़ा से समीर मोहंति, घाटशिला से रामदास सोरेन, पोटका से संजीव सरदार, जुगसलाई से मंगल कालिंदी, ईचागढ़ से सबिता महतो, चाइबासा से दीपक बिरुवा, मझगांव से निरल पुरती, खरसावां दशरथ गगराई, तमाड़ से विकास मुंडा, गुमला से भूषण तिर्की, लातेहार से बैजनाथ राम, चक्रधरपुर से सुखराम उरांव, सिसई से जिगा सुसारण होरा, बिशुनपुर से चमरा लिंडा और गढ़वा सीट से सीटिंग विधायक मिथिलेश ठाकुर को टिकट दिया है। पार्टी जमुआ में दूसरे दल से आये विधायक केदार हाजरा को टिकट दिया है।

### कांग्रेस ने 16 विधायकों को मैदान में उतरा

कांग्रेस ने अब तक 25 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। इनमें 16 विधायक शामिल हैं। जिन 16 सीटों पर विधायकों को टिकट मिला है, उनमें से 14 विधायक पिछले चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। इनमें जामताड़ा से डॉ इरफान अंसारी, जरमुंडी से बादल पत्रलेख, महगामा से दीपिका पांडेय सिंह, बड़कागांव से अंबा प्रसाद, बेरमो से कुमार जयमंगल, झरिया से पूर्णिमा नीरज सिंह, जमशेदपुर पश्चिम से बन्ना गुप्ता, जगन्नाथपुर से सोनाराम सिंकू, खिजरी से राजेश कच्छप, मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की, सिमडेगा से भूषण बाड़ा, कोलेबिरा से नमन विक्सल कोंगाड़ी, लोहरदगा से डॉ रामेश्वर उरांव और मनिका से रामचंद्र सिंह शामिल हैं। पार्टी ने पोड़ैयाहाट से प्रदीप यादव और मांडू से जयप्रकाश भाई पटेल को उतारा है। ये दोनों पिछले चुनाव में क्रमशः झाविमो और भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे।

### आजसू से तीन और जदयू से एक विधायक लड़ रहे चुनाव

इसी तरह आजसू ने आठ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें आजसू के तीन वर्तमान विधायक को फिर से टिकट दिया गया है। सिल्ली से सुदेश महतो, रामगढ़ से सुनीता चौधरी और गोमिया से लंबोदर महतो आजसू के टिकट पर फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, जदयू के टिकट पर जमशेदपुर पश्चिमी से वर्तमान विधायक सरयू राय चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले चुनाव में इन्होंने जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय जीत दर्ज की थी। भाकपा माले ने बगोदर से वर्तमान विधायक विनोद सिंह को टिकट दिया है।

### ये विधायक सांसद बन गये

वर्ष 2019 में हजारीबाग, बाघमारा, मनोहरपुर और शिकारीपाड़ा से जीत दर्ज करने वाले विधायक इस वर्ष लोकसभा चुनाव में सांसद बन गये। इनके नाम क्रमशः मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो, जोबा मांझी और नलिन सोरेन हैं। इनके अलावा 2019 में गांडेय से झामुमो के टिकट पर चुने गये सरफराज अहमद ने इस्तीफा दे दिया और राज्यसभा चले गये। वहां हुए उप चुनाव में झामुमो की कल्पना सोरेन ने जीत दर्ज की थी।

### इन विधायकों का कटा टिकट

भाजपा ने तीन सीटिंग विधायकों का टिकट काटा है, जबकि झामुमो और कांग्रेस ने एक-एक विधायकों को टिकट नहीं दिया है। भाजपा ने जिन विधायकों का टिकट काटा है, उनमें कांके से समरी लाल, सिमरिया से किशुन दास और सिंदरी से इंद्रजीत महतो शामिल हैं। झामुमो ने लिट्टीपाड़ा के वर्तमान विधायक दिनेश विलियम मरांडी को टिकट नहीं दिया है, जबकि कांग्रेस ने बरही के विधायक उमाशंकर अकेला का टिकट काट दिया है।

### सीटिंग विधायकों को दोबारा टिकट देने के मायने

इतनी बड़ी संख्या में सीटिंग विधायकों को टिकट देने का मतलब यही निकलता है कि झारखंड का यह चुनाव बेहद करीबी होनेवाला है। कोई भी दल किसी किस्म का रिस्क नहीं लेना चाहता है और हर सीट पर उसी चेहरे को एक बार फिर मौका दिया गया है, जिसने 2019 में या फिर उप चुनाव में अपनी पार्टी के लिए जीत का परचम लहराया था।

# भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

## मोदी, शाह, नड्डा, योगी, राजनाथ सहित कई नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की।

इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बाबूलाल मरांडी, अमर कुमार बाउरी, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, रवींद्र कुमार राय, धर्मेंद्र प्रधान, मोहन यादव, स्मृति ईरानी, नायब सिंह सैनी, मोहन चरण मांझी, विष्णु देव साईं, अर्जुन मुंडा, नित्यानंद राय, केशव प्रसाद मौर्य, सम्राट चौधरी, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, चंपाई सोरेन, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, कड़िया मुंडा, दीपक प्रकाश, बिद्युत वरण महतो, निशिकांत दूबे, ढुल्लू महतो, सुवेंद्र अधिकारी, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सीता सोरेन, रामचंद्र चंद्रवंशी, मनोज सिंह और घूरन राम का नाम शामिल है।



# शिबू सोरेन से मिले इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी ने शुक्रवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की है। इस मुलाकात में उन्होंने आने वाले चुनाव को लेकर गुरुजी का आशीर्वाद लिया है। इस बाबत उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया है और कहा है कि शुक्रवार को मैंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। उनके पैर भी दबाये। इरफान अंसारी ने जो पोस्ट सोशल मीडिया पर किया है उसमें लिखा है कि झारखंड राज्य विधाता, हमारे अभिभावक आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन से उनके आवास पर जा कर आशीर्वाद लिया। गुरुजी ने बड़े अंतर से जीत का आशीर्वाद देते हुआ कहा कि सीता सोरेन हमारा घर छोड़ने के बाद अब तुमको हराने के लिए जामताड़ा चली गयी। दिशोम गुरु जी ने कहा कि सीता सोरेन बीजेपी में जा कर हमारे परिवार सहित जेएमएम को बदनाम कर रही है। पूरा जेएमएम परिवार तुम्हारे साथ है, वह सीट सिर्फ. तुम्हारा है। तुम मेरे बेटे हो। इरफान हेमंत भाई हैं। दोनों मिल कर भाजपा को हराओ। दोबारा सरकार बनाओ। पुत्र कर्तव्य निभाते हुए मैंने काफी देर तक उनकी सेवा की और पैर भी दबाया।




# राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सीबीआइ जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** राज्यसभा चुनाव 2016 में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए बड़कागांव के तत्कालीन विधायक निर्मला देवी को लालच देने के मामले में आरोपी सीआइडी के तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता एवं एवं तत्कालीन सीएम रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ सीबीआइ जांच का आग्रह करने वाली दानियल दानिश की याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई।

मामले में राज्य सरकार ने हाइकोर्ट की एकल पीठ को जानकारी दी कि राज्यसभा चुनाव वर्ष 2016 में खरीद-फरोख्त के मामले की सीबीआइ जांच की क्रिमिनल रिट पर हाइकोर्ट की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगायी है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य सरकार ने मामले में हाइकोर्ट द्वारा सीबीआइ से इंस्ट्रक्शन लेने के 27 सितंबर 2024 के हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दानियल दानिश की ओर से दायर क्रिमिनल रिट की प्रोसिडिंग पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार का जवाब सुनने के बाद हाइकोर्ट की एकल पीठ ने सुनवाई अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी। हाइकोर्ट में इससे संबंधित मामले में पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार का कहना था कि इस संबंध में योगेंद्र साव द्वारा मामले की सीबीआइ जांच कराने की आग्रह को हाइकोर्ट ने पूर्व में खारिज कर दिया है। प्रार्थी न तो मामले के सूचक है और नहीं गवाह है। इसलिए यह याचिका का सुनवाई योग्य नहीं है। दरअसल, दानियल दानिश ने राज्यसभा चुनाव वर्ष 2016 में खरीद-फरोख्त की सीबीआइ जांच का आग्रह किया है। इससे पहले योगेंद्र साव ने भी पूर्व में इस मामले की सीबीआइ जांच का आग्रह किया था जिससे हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया था।



# इरफान के बयान पर झामुमो दे स्पष्टीकरण : प्रदीप सिन्हा


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला बोला। प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने सोरेन परिवार की बहू को लेकर बड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन कभी झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता हुई करती थीं। वह सोरेन परिवार की बहू हैं। उनके लिए जिस तरह से अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया, क्या इसी तरह का बयान दूसरी बहू कल्पना सोरेन के ऊपर इरफान अंसारी के देने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा चुप रहता। क्या सोरेन परिवार इरफान अंसारी के इस बयान का खंडन करेगा।

उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद इरफान अंसारी द्वारा दिया गया बयान घोर आपत्तिजनक है। यह उनकी मानसिकता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उनका बयान औरत और लड़कियों के बारे में उनकी मानसिकता को उजागर करता है। उनके द्वारा कही गयी बात सड़क छाप भाषा है। इस तरह की भाषा वही लोग इस्तेमाल करेंगे, जिनके संस्कार इस तरह के हैं।

प्रदीप सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मानती है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, चुनाव आयोग को भी इस बयान का संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि चुनाव के दौरान भाषा की मर्यादा बनी रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव में कोई प्रतिपक्ष इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करेगा तो हमारे कार्यकर्ताओं से शालीनता वाली व्यवहार की अपेक्षा भी ना करें। क्योंकि आप अगर किसी को उकसाने की कोशिश करेंगे तो हमारे कार्यकर्ताओं ने चूड़ी नहीं पहन रखी है। इसका जवाब उन्हें सड़क पर भी देंगे जनता के बीच भी देंगे।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव में उनके चेहरे को एक्सपोज करेंगे कि किस तरह से वे महिला विरोधी हैं। उनकी सोच क्या है। इस मामले में झामुमो की चुप्पी यह दर्शाती है कि किसी विशेष वर्ग के आने की वजह से उसकी घिग्घी बंध जाती है। कहीं ना कहीं सवाल के घेरे में झारखंड मुक्ति मोर्चा भी है। उसे स्पष्टीकरण देना होगा। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी आपत्ति दर्ज कराकर इस भाषा के लिए कहीं ना कहीं संदेश देने की आवश्यकता है कि महिलाओं का सम्मान सुरक्षित रहे। महिलाओं के प्रति जो आदर का भाव समाज में विद्यमान है, उसको अगर कोई धूमिल करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 22.4 °c | 19.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.15 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.50 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस में टिकट बिक्री की रही है परंपरा: हिमंता बिस्वा सरमा

**असम के मुख्यमंत्री एनडीए के सिल्ली से आजसू प्रत्याशी सुदेश महतो के नामांकन कार्यक्रम में हुए शामिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा है कि मैं भी एक समय कांग्रेस में था। कांग्रेस में अगर एक राज्य में 100 सीट होती है, तो 20 सीट बिकती है। यह उनकी पुरानी परंपरा है। कांग्रेस के उमाशंकर अकेला जी ने जो बताया, वह कोई नयी बात नहीं है। हर राज्य में हमलोग देखते हैं कि कांग्रेस 20 प्रतिशत सीट बेचती है। मीर साहब पर व्यक्तिगत आरोप लगाने से कोई फायदा नहीं है। यह कांग्रेस का सिस्टम है। हिमंता शुक्रवार को एनडीए के सिल्ली से आजसू प्रत्याशी सुदेश महतो के नामांकन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## घुसपैठिया मुद्दे पर फिर साधा निशाना

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को घुसपैठियों से बचाना है। असम की हालत भी इसी तरह की थी। मुसलमानों की 20 प्रतिशत संख्या बढ़ते-बढ़ते घुसपैठियों की संख्या 45 प्रतिशत हो गयी। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की जनसांख्यिकी बदल रही है, लेकिन सत्तारूढ़ झामुमो इस मुद्दे पर चुप है। क्योंकि वे उनके वोट बैंक हैं। यही हालत झारखंड की भी हो जायेगी।

**बागियों को अंतिम समय तक मनाया जा सकता है:** हिमंता ने रांची में बागी उम्मीदवार वाले सवाल पर कहा कि हर कोई चाहता है कि वह चुनाव लड़े। उनके द्वारा नामांकन भी किया जाता है, लेकिन नामांकन वापसी की तारीख तक उन्हें मनाया भी जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की ओर से प्रत्येक सीट पर एक-एक प्रत्याशी खड़ा किया जा रहा है। मगर इंडी गठबंधन का हाल आप देख सकते हैं। इंडी गठबंधन की सीट पर दो-दो, तीन-तीन उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं। इस दौरान हिमंता बिस्वा सरमा ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को नामांकन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम के बावजूद हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से स्पष्ट होता है कि एनडीए के प्रति लोगों का रुझान क्या है।

## झारखंड में एनडीए की ही सरकार बनेगी

सरमा ने कहा कि झारखंड में एनडीए की जीत तय है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार, सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में ही गोगो दीदी योजना से झारखंड की महिलाओं के खाते में 2100 रुपये हर माह दिये जायेंगे। डेढ़ लाख नौकरी एक साल में देंगे। लोगों को बालू और साल में दो त्योहारों पर दो गैस सिलेंडर फ्री देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा, असम व मध्य प्रदेश में भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा किया।

# दाना चक्रवात की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तमाम चुनावी व्यस्तताओं के बीच अपने प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन से पीछे नहीं हट रहे हैं। बंगाल की खाड़ी में आये चक्रवात दाना के कारण झारखंड के मौसम में हो रहे बदलाव पर वह लगातार नजर रख रहे हैं। इस बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, पिछले 24 घंटों से हम दाना चक्रवात की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मैं खुद इस मुद्दे पर हर घंटे की जानकारी ले रहा हूं। अभी मिल रही जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से उठे दाना चक्रवात के कुछ घंटों में धीमा पड़ने का अनुमान है। मुख्यतः पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में एहतियात के तौर पर कई कदम भी उठाये गये। आप सभी से अपील है कि प्रशासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

# चुनाव के समय केंद्र के इशारे पर फिर से सक्रिय हो गयी हैं जांच एजेंसियां : सुप्रियो

**लगाया आरोप, 5 साल तक साजिश कर भाजपा ने हेमंत सोरेन को परेशान किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र के इशारे पर चुनाव के समय झारखंड में जांच एजेंसियां सक्रिय हो गयी हैं। कहा कि राज्य में ये खेल लंबे समय से चल रहा है। इसी साजिश के तहत राज्य के सीएम को जेल में डाला गया। सुप्रियो ने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी संख्या में नामांकन हुए हैं। इसमें हमारे दल के नेता भी शामिल हैं। बड़ी संख्या में मजदूर, नौजवान, महिला सभी वर्ग उत्साहित हैं। लेकिन लोकतंत्र के महापर्व को कमजोर करने का काम बीजेपी के द्वारा किया जा रहा है। बीजेपी के द्वारा राजनीतिक घुसपैठ करवाया जा रहा है। कहा कि इस काम के लिए कई राज्यों के मुख्यमंत्री कई केंद्रीय नेताओं को राज्य में लाया गया है। उन्होंने कहा कि कल साहिबगंज में एक तरफ नॉमिनेशन हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ बिना तथ्य और सबूत के एक जांच एजेंसी की ओर से कार्रवाई की गयी। कहा, सच पूछा जाये तो बीजेपी चुनाव हार चुकी है। उनका बस एक ही मकसद रह गया है कि चुनाव को कैसे प्रभावित किया जाये। चुनाव के समय जानबूझ कर जांच एजेंसियों की कारवाई हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाषा की मर्यादा भी तोड़ी जा रही है। समाज में जहर घोला रहा है, हिंसा की बात बोली जा रही है। फिर भी चुनाव आयोग मौन है। जेएमएम नेता ने दावा कि हमलोग न सिर्फ चुनाव जीतेंगे, बल्कि समृद्ध और संपन्न झारखंड बनायेंगे। यहां के सभी लोगो के भविष्य को बेहतर बनायेंगे। कहा कि 5 सालों तक साजिश कर, विपक्ष ने इस राज्य के सबसे लोकप्रिय नेता को परेशान किया। इसे पूरे देश ने देखा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आर्थिक एवं व्यापारिक स्थिति सामान्य रूप से प्रगतिशील रहेगी, आजीविका की दिशा में चले आ रहे कुछ प्रयास पूरे होंगे।
- **वृष** — इच्छित कार्य में सफलता,सत्ता-संगठन में महत्वपूर्ण स्थिति बनाने में कामयाब होंगे।
- **मिथुन** — सामाजिक क्षेत्र में उन्नति तथा मान-सम्मान की प्राप्ति,सेहत अच्छा रहेगा। नौकरी में उन्नति।
- **कर्क** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन से लाभ मिलेगा।
- **सिंह** — सामाजिक-धार्मिक कार्यों की योजना फलीभूत होगी,नौकरी में लापरवाही से परेशानी हो सकता है।
- **कन्या** — नौकरी में उन्नति,कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता,आवश्यक कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — नई लाभप्रद योजनाओं में रुचि, व्यापार रोजी,रोजगार में उन्नति, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।
- **वृश्चिक** — कुछ जटिल समस्याओं का समाधान संभव होगा। कर्मक्षेत्र में मान-सम्मान।
- **धनु** — कुछ जरूरी काम-काज के प्रसंग उत्साहित होंगे। प्रभावशाली लोगों के सम्पर्क से विशेष लाभ।
- **मकर** — नयी योजनाएं बनेगी,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण,धन-द्रव्य का लाभ होगा।
- **कुंभ** — विविध कार्यों में परेशानी,विरोधियों स्वजनों से कष्ट होगा,कठिन परिश्रम से लाभ।
- **मीन** — दैनिक समस्याओं का समाधान विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे आर्थिक स्थिति में सुधार।

## पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। संजीत सिंह की ओर से जेल में साढ़े सात साल से अधिक समय बिताये जाने की अवधि को देखते हुए एवं मामले के सह अभियुक्त को कोर्ट से जमानत दिये जाने का आधार बनाते हुए जमानत का आग्रह किया गया है। नीरज की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाइकोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। 21 मार्च 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह समेत चार की हत्या हुई थी।

# यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम : सुदेश महतो

**सिल्ली विधानसभा राज्य के विकास का आधार**

**सुदेश महतो के नामांकन से पूर्व पदयात्रा का हुआ आयोजन, हिमंता बिस्वा सरमा हुए शामिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिल्ली विधानसभा की जनता विकासवादी है। हम जनता को जानते हैं वो हमें समझते हैं। हमारा काम ही हमारी पहचान है। हमने क्षेत्र को विकास के सभी मानकों पर स्थापित किया है। जनता का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने और सिल्ली विधानसभा को विकसित बनाने के संकल्प के साथ नामांकन किया है। यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम है। एनडीए अपनी एकजुटता से राज्य को विकास पथ पर लेकर जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के बाद कही। नामांकन से पूर्व मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय भवन तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा समेत आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

पदयात्रा से पूर्व सुदेश कुमार महतो ने बापू वाटिका स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी के प्रणेता गांधी जी के सामने सिर झुकाकर झारखंड में लोकतंत्र की सुरक्षा और सिल्ली विधानसभा की समृद्धि का आशीर्वाद लेने आये हैं।

उन्होंने कहा कि सिल्ली विधानसभा राज्य के विकास का आधार है। सिल्ली की पहचान आज पूरे राज्य में विकास के मॉडल के रूप है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचनाओं, खेल समेत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

## जेपीएससी अध्यक्ष का पद अगस्त माह से रिक्त है

# जेएसएससी झामुमो के इशारों पर काम कर रहा : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा कर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है कि झारखंड के युवा जेपीएससी तथा जेएसएससी परीक्षा में हो रही पेपर लीक और हेमंत सरकार द्वारा पैसे लेकर बाहरी अभ्यर्थियों के हाथों सीट बेचने की वजह से त्रस्त हो चुके हैं। इन दोनों आयोगों में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार ने युवाओं को नौकरी के लिए तिल-तिल भटकने को मजबूर कर दिया है। जेपीएससी अध्यक्ष का पद अगस्त माह से रिक्त है, जेएसएससी झामुमो के इशारों पर काम कर रहा है। युवा विरोधी हेमंत सोरेन के नापाक इरादों को पूरा करने में इन दोनों आयोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फर्जी नियुक्ति कैलेंडर जारी होते रहे, परीक्षा की तिथियां घोषित तो हुईं लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गयी, पेपर लीक हुए, स्थानीय युवाओं को आरक्षण नहीं मिला, नियोजन नीति नहीं बनी... इतना सब होने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेशर्मी के साथ झूठ बोलकर युवाओं के जख्मों पर नमक रगड़ते रहे। लगातार हो रही साजिशों के कारण झारखंड के युवाओं का मनोबल टूट चुका है। हेमंत सरकार सिर्फ पैरवी और घूस देने वालों को नौकरी दे रही है। हाल ही में इंटरनेट बंदी की आड़ में हेमंत सोरेन ने ना सिर्फ साढ़े तीन करोड़ झारखंड वासियों का जीना मुहाल किया है, बल्कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में धांधली का भी प्रयास किया है। राज्य की सड़कों पर दिख रहा युवाओं का यह आक्रोश, यह उद्घोष हेमंत सरकार के अंत की गवाही दे रहा है।

# असम के मुख्यमंत्री के झारखंड प्रवेश पर प्रतिबंध लगाये चुनाव आयोग: कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी में 20 प्रतिशत टिकट बेच देने का आरोप लगाया है। इस बयान पर पलटवार करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कड़ी आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा है कि जब हिमंता बिस्वा सरमा कांग्रेस पार्टी में थे तब उन्होंने कितना पैसा ऑनलाइन देकर टिकट खरीदा था। झारखंड की जनता जानना चाहती है अगर ऑनलाइन खरीदा था तो उस रसीद को भी उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री को झारखंड की सरकार को अस्थिर करने का जिम्मा पिछले वर्षों में सौंपा गया था जिसमें वे असफल रहे थे। सरकार तोड़ने की उनकी हर कोशिश को झारखंड की जनता ने नाकाम किया था। अब चुनाव के दौरान भी गठबंधन के कई नेताओं को तोड़ने की कोशिश में वह जरूर सफल रहे हैं, लेकिन जो विश्वास जनता का उन्हें हासिल होना चाहिए था वहां पर उन्हें घोर निराशा हाथ लगी है। जिससे हताश और निराश असम के मुख्यमंत्री झारखंड के सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, सामाजिक ताना-बाना पर हमला कर रहे हैं। कभी घुसपैठिया, कभी एनआरसी और अब हिंदू-मुसलमान की बात कर-के नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। पिछले दिनों उनका बयान अगर हिंदू रहेगा तो झारखंड रहेगा घोर आपत्तिजनक है, प्रदेश कांग्रेस कमेटी चुनाव आयोग से इस पर संज्ञान लेने की अपील करती है और मांग करती है कि असम के मुख्यमंत्री को झारखंड प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाये साथ ही साथ गिरफ्तार किया जाये।

# चुनाव को लेकर डीजीपी ने पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओड़िशा और उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गयी थी। इस बैठक में मुख्य रूप से खुफिया जानकारी को सही समय पर साझा करने की सहमति बनी। वामपंथी उग्रवाद को लेकर की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, अवैध शराब, नशीले पदार्थ की तस्करी एवं नकदी की अवैध आवाजाही पर प्रभावी रोकथाम, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों और अपराधी तत्वों की गतिविधियों पर नकेल कसने और सभी स्तरों पर अंतरराज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्य योजना पर चर्चा की गयी।

**संयुक्त अभियान चलाने संबंधी जानकारी दी गयी :** डीजीपी अजय कुमार ने ओड़िशा, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सीमा क्षेत्रों पर उग्रवादियों के भ्रमण और अन्य संदिग्ध गतिविधियों को अपने आसपास के थाना क्षेत्रों से साझा करने एवं सूचना-तंत्र को और मजबूत करने के लिए सुझाव दिये। वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए राज्य की सीमावर्ती क्षेत्रों पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान और सर्च ऑपरेशन चलाने, सीमावर्ती नक्सल क्षेत्रों में चरण-बद्ध तरीके से नक्सलियों के खात्मे की सूची उपलब्ध कराते हुए संयुक्त अभियान चलाने संबंधी जानकारी दी गयी। विशेष तौर पर छत्तीसगढ़ के सीमा क्षेत्र पर अवस्थित पिछले तीन दशकों से हिंसक नक्सली वारदातों को अंजाम देने वाले एवं शीर्ष माओवादी नेताओं की शरण स्थली रहे बूढ़ा पहाड़ पर, ओड़िशा सीमा पर सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों पर शिकंजा कसने के लिए संयुक्त अभियान चलाने की बात की गयी।

## हथियार, विस्फोटक और धन के अवैध आवाजाही पर रोकथाम

आइजी अभियान एवी होमकर विशेष रूप से सभी एसपी को अपनी सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए ज्यादा से ज्यादा मात्रा में अवैध कैश, मादक पदार्थों, हथियार, शराब को जब्त करने और अंतरराज्यीय परिवहन से समन्वय स्थापित करने का अनुरोध किया। नकली नोट, हथियार, विस्फोटक और धन पर रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाये जाने पर बल दिया गया।

# सत्ता परिवर्तन के लिए बीजेपी को वोट करें : चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरायकेला-झारखंड की सरायकेला विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी के रूप में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। उन्होंने झारखंड में सत्ता परिवर्तन के लिए बीजेपी को वोट करने की अपील की। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने मां-पिता को नमन किया। इसके बाद अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा के जाहेरथान में माथा टेका। इसके बाद पर्चा भरने के लिए रवाना हुए।

**नामांकन से पहले माता-पिता का लिया आशीर्वाद :** सरायकेला विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के लिए जाने से पहले चंपाई सोरेन ने शुक्रवार की सुबह अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा के जाहेरथान गये और माथा टेका। फिर नामांकन दाखिल करने के लिए उन्होंने प्रस्थान किया।

## भारी बारिश में नामांकन के दौरान जनता दिखी उत्साहित

चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि भारी बारिश के बीच नामांकन के दौरान जनता का उत्साह दिल को छू गया। भारी बारिश के बावजूद लोग डटे रहे। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि कमल निशान पर वोट देकर झारखंड में सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# झारखंड और झारखंडियत की बात कर रहे हैं हेमंत सोरेन

**सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं, तेजी से राज्य के विकास का कर रहे वादा**

अजय शर्मा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब पूरी तरह से चुनाव के प्रचार में जुट गये हैं। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष अपने प्रत्याशी के नामांकन में जहां कहीं भी गये, वहां झारखंड और झारखंडियत की बात कर रहे थे। सीएम गढ़वा, बोरियो चाइबासा की जनसभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए यह साफ संदेश दिया कि इस बार का चुनाव वह स्थानीय मुद्दे पर ही लड़ेंगे। झारखंड की ही बात करेंगे। झारखंड का विकास कैसे हो, बेरोजगारों को नौकरी कैसे मिले, यहां के जल जंगल जमीन की रक्षा झामुमो ही कर सकती है। हेमंत खुद बरहेट से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय से और छोटे भाई बसंत सोरेन दुमका से मैदान में हैं।

हेमंत सोरेन इस चुनाव में इंडी गठबंधन के प्रचार अभियान की कमान संभाले हुए हैं। इसलिए गठबंधन के घटक दलों के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद उनकी चुनावी सभाओं की भारी मांग है।

हेमंत सोरेन ने पिछले एक सप्ताह में जितनी सभाओं को संबोधित किया है, उन सभी में उन्होंने झारखंडी हित और सम्मान की बात जरूर की है। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनायी हैं और झारखंड की उपेक्षा को भी रेखांकित किया है।

# माता का अंतिम संस्कार करने से पहले कांके सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश कुमार बैठा ने किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है। वहां शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। लिहाजा जिन उम्मीदवारों ने अब तक नामांकन नहीं किया था। उन्होंने शुक्रवार को अपना अपना नामांकन कर दिया।

रांची की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कांके विधानसभा सीट के लिए नामांकन का भी शुक्रवार को अंतिम दिन था। 24 अक्टूबर की रात ही कांग्रेस ने कांके सीट से अपने उम्मीदवार सुरेश कुमार बैठा के नाम की घोषणा की। लिहाजा शुक्रवार को उन्हें हर हाल में नामांकन करना ही था। इस बीच उनके साथ एक घटना यह घट गयी कि बीमार चल रहीं उनकी वयोवृद्ध माता का निधन हो गया। ऐसे में आंख में आंसू लिये और भरे दिल से सुरेश बैठा अपनी मां के पार्थिव शरीर को घर में छोड़ शुक्रवार को रांची समाहरणालय पहुंचे। जहां उन्होंने नम आंखों ने नामांकन किया। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों से बिना विधायक बने अपने क्षेत्र की जनता का साथ दिया है। आज विपदा की इस घड़ी में भी लोकतंत्र के लिए अपना जरूरी फर्ज निभाया है। अब यहां से घर जाकर एक पुत्र का फर्ज निभाना है, मां का अंतिम संस्कार करना है।




**कांके की जनता इस बार कांग्रेस और सुरेश बैठा के साथ : यशस्विनी**

वहीं नामांकन के समय सुरेश बैठा के साथ मौजूद कांग्रेसी नेता यशस्विनी सहाय ने कहा कि ईश्वर सुरेश बैठा को इतनी ताकत दें कि वह अपने पुत्र का फर्ज निभाने के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के लिए भी फर्ज निभा सकें। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस बार कांके की जनता 2019 के उलट परिणाम देगी और सुरेश बैठा और कांग्रेस की जीत होगी।

# 5 दिनों तक हिरासत में रखने को लेकर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी और जमादार की डीजीपी से शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गैरकानूनी तरीके से पांच दिनों तक हिरासत में रखने को लेकर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी और एएसआइ की डीजीपी से शिकायत की गयी है। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले अमन कुमार चौधरी नाम के व्यक्ति ने डीजीपी से यह शिकायत की है। अमन चौधरी के मुताबिक थाना प्रभारी अशोक प्रसाद ने उसे गैरकानूनी तरीके से पांच दिनों तक हिरासत में रखा और सादे कागजातों पर दस्तखत करा लिया। ये कार्रवाई कशिश कुमारी के पिता सरोज कुमार की गलत शिकायत के आधार पर की गयी जो उसकी दोस्त है।

कशिश कुमारी ने अपने पिता के एटीएम से रुपये निकाले साथ ही अपने गहनों को बेच कर रुपये लिये, लेकिन आरोप उस पर लगाया गया। अमन चौधरी ने बताया कि इस मामले में उसने जमानत ले ली है, लेकिन थाना प्रभारी और एएसआइ अशोक प्रसाद ने उसे नहीं बचने देने की धमकी दी थी। जिसे उसने गंभीरता से नहीं लिया था। इसके बाद 16 अक्टूबर को होटल प्रशांत विला के कर्मचारियों से बकझक के मामले को आधार बनाते हुए जगरनाथपुर थाना प्रभारी और एएसआइ अशोक प्रसाद उसे गिरफ्तार कर थाने ले गये, जहां बेरहमी से पिटाई की गयी।

इस दौरान सरोज कुमार के भतीजे अमन कुमार को भी थाना बुलाया गया और पुलिस की मौजूदगी में उसने मारपीट की, साथ ही कई सादे कागजातों पर हस्ताक्षर कराये गये। जिनमें दो में ये लिखाया गया कि मैं सरोज कुमार को 98 हजार रुपये एक साल के अंदर किस्तों में वापस करूंगा और तीन लाख रुपये आनंद रंजन को किस्तों में डेढ़ साल के अंदर वापस करुंगा। इसकी पुष्टि जगरनाथपुर थाने के सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है। अमन कुमार चौधरी ने डीजीपी से मामले की जांच करा कर जगरनाथपुर थाना प्रभारी अशोक प्रसाद, सरोज कुमार, कशिश कुमारी और अमन कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रांची में श्रीश्री काली पूजा समिति का 12वां वर्षगांठ समारोह मनाया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के कोकर स्थित बजरंग क्लब में श्री श्री काली पूजा समिति का 12 वां वर्षगांठ समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। इस वर्ष की विशेषता अयोध्या के राम मंदिर की लघु प्रतिकृति पर आधारित पंडाल होगा। समारोह के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें 31 अक्टूबरः मध्य रात्रि में पूजा। 1 नवंबरः प्रसाद वितरण (4 बजे)। 2 नवंबरः महाआरती (6 बजे)। 3 नवंबरः विशाल शोभायात्रा (6 बजे)। सभी कार्यक्रम बजरंग नगर, कोकर, रांची के हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी। बजरंग क्लब के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। यह आयोजन धार्मिक भावनाओं को एकजुट करने और समुदाय के बीच भक्ति की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगा।

# भाजपा के बागी नेता मुनचुन राय और कमलेश राम ने नामांकन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ रहे मतभेद और पार्टी के अंदर हो रहे बिखराव एवं अंतर्कलह सामने आ रहा है। भाजपा रांची के दो नेताओं ने पार्टी से बगावत कर दिया है, एक रांची विधानसभा से दूसरा कांके विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। इसमें रांची विधानसभा से मुनचुन राय और कांके विधानसभा से कमलेश राम ने शुक्रवार को रांची स्थित समाहरणालय में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इससे पहले मुनचुन राय नामांकन के लिए अपने समर्थकों के साथ चुटिया से रैली के रूप में निकल कर रांची समाहरणालय पहुंचे। नामांकन के बाद मुनचुन राय ने कहा कि जनता के दबाव में नामांकन किया है। सभी वर्ग के लोग रांची विधानसभा में बदलाव चाहती है। वहीं कमलेश राम मोरहाबादी से अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे। नामांकन के बाद कमलेश राम ने कहा कि भाजपा ने उसके साथ दगा किया है। एक निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह पार्टी का सेवा किया है, लेकिन पार्टी ने उसे टिकट नहीं दिया। कांके की जनता ने उसे चुनावी मैदान में उतरने का दबाव बनाया। इसलिए हम चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार हुए हैं। आगे जनता मालिक है।



# निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल की छात्राओं ने दिव्यांगों के साथ मनायी दीपावली

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपंग, दिव्यांग, गरीब तथा बुजुर्ग बच्चों के साथ दीपावली मनायी। इस अवसर पर स्कूलों के विद्यार्थियों ने दीया, कैंडिल मेकिंग, ग्रीटिंग कार्ड पोस्टर मेकिंग के द्वारा अपनी अंतर्निहित कला को प्रकट किया, वहीं दूसरी ओर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को पेंटिंग के माध्यम से जीवंत कर दिया। बच्चों ने बहुत ही सुंदर दीये, मोमबत्तियां तैयार की। बच्चों द्वारा सुंदर मंदिर सजाया गया और सबने मां लक्ष्मी की आरती की। कार्यक्रम की विशेषता स्कूल के बच्चों द्वारा बरियातू स्थित चेशायर होम में रह रहे दिव्यांग तथा गरीब बच्चों और बुजुर्गों के बीच आकर्षक दीए, फुलझड़ी, मिठाइयां, कपड़े, बिस्किट एवं अन्य उपयोगी सामग्री तथा अपने हाथों से उपहार बना कर वितरित करना रहा, जहां मानवता की भावना प्रमुख रही। स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों से प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का आह्वान करते हुए सभी को दीपावली की शुभकमनाएं दीं। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि मानव जीवन की सबसे बड़ी खुशी एक जरूरतमंद इंसान की सेवा करना तथा अपनी खुशियों को ऐसे लोगों के साथ सांझा करना, हमारे अंदर सहयोग तथा सेवा का भाव विकसित करता है।

इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा, सुधा राणा, एनिमा इक्का, गीता शर्मा, किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, तथा अन्य सहित स्टूडेंट्स उपस्थित मौजूद थे।

# राज्यपाल से मिला क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल, आशा वर्कर्स के लिए बीमा की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ रांची के सचिव, पिंटू कुमार सिंह ने झारखंड राज्यपाल से मुलाकात कर आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स को कर्मचारी राज्य बीमा निगम और भविष्य निधि कवरेज का लाभ दिलाने की मांग की। इस महत्वपूर्ण बैठक में उनके साथ संघ के अन्य प्रमुख सदस्य कृष्णकांत चौधरी, संजीत कुमार, और मृत्युंजय तिवारी भी मौजूद थे। पिंटू कुमार सिंह ने राज्यपाल को बताया कि आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स का बड़ा हिस्सा बिना बीमा और भविष्य निधि कवरेज के काम कर रहा है, जो उनके जीवन और भविष्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने न्यायालय के फैसलों और विभिन्न नियमों का हवाला देते हुए इस मामले में त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया। राज्यपाल ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और मामले की गहराई को समझते हुए अधिक जानकारी और दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि चुनाव संपन्न होने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ फिर से उनसे मुलाकात की जाये। राज्यपाल ने इस मुद्दे को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान की आश्वासन दिया। पिंटू कुमार सिंह ने बताया कि मजदूरों के हित में उनका संगठन हर संभव प्रयास करेगा। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री और मुख्यालय को भी पत्र लिखकर इस मुद्दे को उठाया है और इसे लेकर अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## इंडी गठबंधन में बढ़ती दरारें: भाजपा ने उठाये गंभीर सवाल

# कांग्रेस पर टिकटों की बिक्री करने का आरोप भाजपा ने की चुनाव आयोग से जांच की मांग

**भाजपा का आरोप : इंडी गठबंधन सत्ता के लालच में विभाजित**

**आरोपः जाते-जाते इंडी गठबंधन की झारखंड लूट की योजना**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने प्रेस वार्ता के माध्यम से विपक्षी गठबंधन इंडी में बढ़ती आंतरिक दरारों पर गंभीर प्रश्न उठाये हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल नकारात्मक उद्देश्य से बना था, और जैसे-जैसे इसमें शामिल दलों के भीतर सत्ता की लालसा बढ़ रही है, वैसे-वैसे इनके बीच के मतभेद भी गहराते जा रहे हैं।

बरही विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उमाशंकर अकेला के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद, इस क्षेत्र में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आमने-सामने होंगी। इसी तरह धनवार विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और माले आमने-सामने हैं। यह स्थिति कई विधान सभाओं में है। यह स्थिति दर्शाती है कि सत्ता के लोभ में ये दल किसी भी सीमा तक जा सकते हैं।

अजय साह ने लिट्टीपाड़ा के विधायक दिनेश विलियम मरांडी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका आक्रोश केवल उनका व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे जेएमएम के कार्यकर्ताओं की भावनाओं को व्यक्त करता है। विलियम मरांडी ने बिलकुल सही कहा है कि जेएमएम अब एक परिवार में सीमित होकर रह गयी है और सारे फैसले दलालों और बिचौलियों द्वारा लिये जा रहे हैं।

साह ने बरही के विधायक उमाशंकर अकेला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक खुद अब अपनी पार्टी की सच्चाई उजागर कर रहे हैं।

अकेला ने कांग्रेस पर पार्टी के टिकट दो-दो करोड़ रुपये में बेचने का आरोप लगाया है। इससे यह प्रतीत होता है कि कांग्रेस जाते-जाते जितना संभव हो सके उतनी लूट करने की योजना बना रही है।

यह आरोप अत्यंत गंभीर है, और अजय साह ने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि वह इसकी जांच करे और चुनाव में कांग्रेस व जेएमएम द्वारा धनबल के प्रयोग पर रोक लगाये। प्रेसवार्ता में तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

### डीएसपीएमयू : एमएआरडी कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातकोत्तर रूरल डेवलप्मेंट कोर्स के वर्तमान सत्र 2024-26 में दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें ऑनलाइन आवेदन हेतु चांसलर पोर्टल में जाकर आवेदन किया जा सकता है। इस कोर्स में नामांकन हेतु अभ्यर्थियों के पास किसी भी विषय में न्यूनतम स्नातक डिग्री होना चाहिए। यह कोर्स रूरल सेक्टर में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है साथ ही साथ रूरल सेक्टर में शोध कार्य का अवसर भी उपलब्ध कराता है। इस विश्वविद्यालय से एमएआरडी कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न एनजीओ एवं स्वयं सेवी संगठनों में प्लेसमेंट के लिए भी यह प्रतिष्ठान कटिबद्ध है। इस कोर्स में दाखिले हेतु विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक विद्यार्थी मोबाइल नं० 9386485583 पर संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास विभाग के कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ रीना नंद ने दी है।

# रांची विवि के कुलपति केंद्रीय सिल्क बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के अनुसंधान समन्वय समिति में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा को केंद्रीय सिल्क बोर्ड के अनुसंधान समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया है। डॉ हिमांशू पाठक डायरेक्टर जनरल आइसीएआर के चेयरमैनशिप में गठित समिति में सदस्यों के रूप में को शामिल किया गया है। झारखंड से डॉ अजीत कुमार सिन्हा का इसमें शामिल होना राज्य के लिए सम्मान की बात है। केंद्रीय रेशम बोर्ड देश में रेशम उद्योग के विकास के लिए शोध, अनुसंधान, नीतियां बनाने, निर्देशित कर उसको मोनिटर करने का कार्य करता है। इस समिति में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिन्हा को महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां सौंपी जायेंगी।

# श्री काली पूजा समिति बरियातू में भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शुक्रवार को विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति बरियातू हाऊसिंग कॉलोनी सीता राम मंदिर के समीप का पंडाल भूमि पूजन बाबा रामदेव पांडेय के द्वारा पूरी विधि विधान से कराया गया। पूजा क्लब के मुख्य संरक्षक संजय मिनोचा के द्वारा किये गये भूमि पूजन में पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ मां काली को याद करते हुए पंडाल का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति के राणा रणधीर महेंद्रू, रोहित यादव, उषा चौधरी, उषा हेंब्रम,विवेक रंजन, प्रमोद कुमार, पुनीत कुमार, सनोज कुमार, बंटी यादव, आनंद कुमार, मन्ना यादव, विकाश कुमार, शौर्य राज महेंद्रू, आदि सदस्य गण उपस्थित थे ।






# सीता सोरेन को अपमानित करने वाले इरफान को गठबंधन दल से बाहर करें हेमंत : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वसनीय माने जाने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के बारे में अशोभनीय और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर सारी मर्यादाएं लांघ दी हैं। मैं इरफान अंसारी के इस कुकृत्य की निंदा करता हूं।

### इरफान के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचकर जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। साथ ही ज्ञापन देकर मांग किया है कि विधानसभा चुनाव तक इरफान अंसारी को राज्य बदर कर दिया जाये और उनको नामांकन से रोका जाये। इसके अलावा उनके खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया जाये। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सीता सोरेन एक अनुसूचित जनजाति और विधवा महिला हैं और किसी विधवा महिला को 'रिजेक्टेड माल' कहकर संबोधित करना न सिर्फ आदिवासियों का अपमान है बल्कि राज्य और देश के सभी विधवा महिलाओं का भी अपमान है। कांग्रेस पार्टी का आदिवासी महिला के बारे में क्या सोच है वो अब जग जाहिर हो चुका है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 में प्रावधान है कि जो कोई भी व्यक्ति किसी महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा गंभीर अपराध करेगा उसको दंडित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज दुर्गा सोरेन जी जीवित होते तो क्या इरफान अंसारी ऐसा व्यक्ति उनकी पत्नी को ऐसा शब्द कह पाते? प्रतिनिधिमंडल ने इरफान अंसारी के द्वारा कहा गया शब्द का वीडियो भी जमा किया है। इस मौके पर लक्ष्मी पात्रो मौजूद थीं।

उन्होंने कहा कि जब से सीता सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है, तब से झामुमो कांग्रेस के नेताओं द्वारा उनके उपर व्यक्तिगत हमले किये जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इन हमलों का जवाब देने में सक्षम है, परंतु राज्य का मुख्यमंत्री होने के नाते क्या यह उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता दुर्गा सोरेन की धर्मपत्नी के प्रति इस तरह की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले को आप अपने गठबंधन से बाहर करें? उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी, झारखंड की जनता देखना चाहती है कि अपने ही परिवार की एक सदस्य के बारे में इस निम्नस्तरीय टिप्पणियों पर आप क्या निर्णय लेते हैं? यदि आप इस बयान के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि आपके सह पर एक महिला जनप्रतिनिधि के उपर निजी हमले किये जा रहे हैं। आगामी चुनाव में जनता भी निर्णय लेगी कि जो व्यक्ति अपने परिवार की रक्षा नहीं कर सकता, उसे राज्य की सुरक्षा का दायित्व कैसे सौंपा जा सकता है?

# राष्ट्रीय लोक दल प्रत्याशी राज कुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर ने भरा नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण के सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 25 अक्टूबर को नामांकन का आखिरी दिन था। रांची विधानसभा सीट से राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के प्रत्याशी राज कुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद बबलू टाइगर ने कहा कि जीत के प्रति विश्वास है, इसलिए नामांकन दाखिल किया है। राष्ट्रीय लोक दल ने मुझ पर पूर्ण विश्वास करके टिकट दिया है, उसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को आभार। साथ ही साथ उन्होंने रांची-63 की जनता से कहा कि भ्रस्टाचार, अन्याय, बेरोजगारी से मुक्ति के लिए इस बार बदलाव हेतु मूझे आप सबों का आशीर्वाद चाहिए।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-506-2024, दिनांक 25.10.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** हटिया में रिवर पम्प हाउस से पुराने एवं नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जल आपूर्ति पाइपलाइन के साथ रिवर पम्प हाउस, पुराना एवं नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं घरेलू पम्प हाउस का दो वर्षों के लिए सम्पूर्ण संचालन एवं रखरखाव। **निविदा मूल्य:** रु. 1,66,09,148.20, **ईएमडी:** रु. 2,33,100, **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. **(PR-738)**


### म्यूचुअल ट्रांसफर कराके झारखंड आने वाले 158 कर्मियों की वरीयता सूची जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के अधीन अंतिम संवर्ग विभाजन के बाद एकल आधार या पारस्परिक आधार पर स्थानांतरण के बाद झारखंड सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के 157 पदधारकों का नये सिरे से वरीयता का निर्धारण किया गया है। संवर्ग विभाजन के बाद पारस्परिक स्थानांतरण के आधार पर झारखंड आने वाले ऐसे कर्मियों को मूल वरीयता का लाभ नहीं मिलेगा तथा वे अपनी कोटि में अपने बैच के अथवा एक संव्यवहार में नियुक्त कर्मियों की तुलना में सबसे कनीय माने जायेंगे। कार्मिक विभाग की ओर से जारी वरीयता सूची में 30 दिनों के अंदर आपत्ति मांगी है, इसके बाद अंतिम वरीयता सूची जारी की जायेगी. बता दें कि, हाइकोर्ट के आदेश के बाद कार्मिक विभाग ने म्यूचुअल ट्रांसफर कराके झारखंड आने वाले कर्मियों का नये सिरे से वरीयता सूची तैयार कर रहा है, अन्य सेवाओं के लिए संबंधित विभाग को यह निर्देश दिया गया है।

# जेएलकेएम प्रत्याशी राजकिशोर महतो और अयूब अली ने किया नामांकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जय राम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशियों ने शुक्रवार को रांची विधानसभा क्षेत्र से राजकिशोर महतो और हटिया विधानसभा से अयूब अली ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर रांची जिला महानगर अध्यक्ष संजय कुमार महतो और अलोक उरांव ग्रामीण जिलाध्यक्ष मौजूद थे।




**28 अक्टूबर को नॉमिनेशन फाइल करेंगे देवेंद्रनाथ महतो :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से ताल ठोक दिया है। श्री महतो 28 अक्टूबर को अपना नॉमिनेशन फाइल करेंगे। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के संगठन चुनाव प्रभारी कृष्णा महतो ने कहा कि नॉमिनेशन फाइल करने की सारी प्रक्रिया सम्पन्न कर लिया गया है। हजारों भारी समर्थकों के साथ नामांकन जुलूस निकाला जायेगा। जिसकी प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर ली गयी है। नामांकन रैली का रुट जारी करते हुए बताया कि राहे, सोनाहातू और सिल्ली प्रखंड के सभी लोग टुटकी मैदान सिल्ली में एकत्रित होंगे। वहीं अन्य संपूर्ण राज्य से आने वाले संगठन कार्यकर्ता व जनसाधारण का जूटान इइएफ मैदान टाटिसिलवे में होगा। इसके बाद सभी का एक साथ मोरहाबादी मैदान में जुटना होना तय होगा। वहां से पदयात्रा करते हुए समाहरणालय भवन रांची पहुंचेंगे। सिल्ली प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो के अधिवक्ता सष्टी रंजन ने बताया कि 28 अक्टूबर को तीन प्रति नॉमिनेशन विधिवत तरीके से दर्ज किया जायेगा।

# सीमा राय ने कांके विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीति में विधानसभा चुनाव 2024 में कई दिलचस्प रंग देखने को मिल रहा है। झारखंड के कई राजनेता अपनी पत्नी को राजनीति में उतारने की जुगत में लगे हुए हैं। इसमें कई नेता अपने दल से अपनी पत्नी को टिकट दिलाने में कामयाब रहे हैं। लेकिन कई नेताओं को अपनी पत्नी को टिकट दिलाने में निराशा हाथ लगी है। इसमें मौजूदा हेमंत सरकार में शिक्षा मंत्री रहे बैजनाथ राम का नाम भी एक हैं। झामुमो से टिकट नहीं मिलने पर बैजनाथ राम की पत्नी सीमा राय ने कांके विधानसभा से शुक्रवार को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराया है। सीमा राय के चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। बता दे कि कांके विधासभा से इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी सुरेश बैठा चुनावी मैदान में है। अब देखना है मंत्री पति बैजनाथ राम किसके समर्थन में प्रचार करते हैं। बैजनाथ राम झामुमो के स्टार प्रचारक में एक है।



# साइबर अपराध पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जोसारू (जर्नलिज्म ऑफ ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ रांची यूनिवर्सिटी) ने संत जेवियर कॉलेज रांची के सहयोग से गुरुवार को कॉलेज के फादर डेबरावर सभागार में साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता पर एक कार्यशाला आयोजित किया।

इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के तौर पर साइबर अपराध ब्रांच रांची के डीएसपी श्रीनिवास सिंह और पत्रकार अखिलेश सिंह ने साइबर अपराध के विभिन्न आयामों की जानकारी देने के साथ इससे बचाव को लेकर कानूनी और अन्य व्यवहारिक उपयोगी जानकारियां दीं। कार्यशाला में कॉलेज के विभिन्न विभाग से आये विद्यार्थियों ने इसमें विशेष तौर पर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से साइबर अपराध से जुड़ी शंकाओं की भी जानकारी ली। प्रश्नोत्तर में भाग लिया। जोसारू के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ने साइबर अपराध से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रस्तुतीकरण किया।

### विशेषज्ञों के टिप्स

कार्यशाला में आये साइबर अपराध से जुड़े पुलिस विभाग के डीएसपी श्रीनिवास सिंह और साइबर अपराध से जुड़ी खबरों के विशेषज्ञ पत्रकार अखिलेश सिंह ने साइबर अपराध का शिकार होने और अपराधियों के चंगुल से बचने के लिए कई टिप्स, सुझाव दिये।

- साइबर ठगों की करतूतों से डरिए नहीं। उनके चंगुल में फंसने के बाद उनका डटकर सामना करें।

- बिना पहचान वाले या मोबाइल में सेव नंबर के अलावा कोई अनजान नंबर वाले कॉल कदापि नहीं उठायें।

- यदि साइबर ठगी के शिकार हो गये हैं तो टोल फ्री नंबर 1930 पर रिंग कर पूरी जानकारी दें और अपनी शिकायत दर्ज करायें।

- भारत सरकार के एप्स पर साइबर अपराध से बचने के लिए दिये गये सुझावों के अनुसार आगे बढ़ें।

- पुलिस की साइबर ब्रांच या स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दें।

कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल फादर प्रदीप ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने जोसारू को इस उपयोगी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों के लिए क्विज का आयोजन भी किया गया। क्विज प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का संचालन जोसारू के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ने किया, स्वागत उदबोधन जोसारू के अध्यक्ष चंदन मिश्र ने किया। मंच संचालन जोसारू की सदस्य मौमिता बनर्जी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जोसारू के सदस्य कुमार संभव ने किया। कॉलेज के विद्यार्थियों और बीबीए विभाग के प्रोफेसरों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम आयोजन में जोसारू के कोषाध्यक्ष अजय कुकरेती, सह कोषाध्यक्ष शशि भूषण और कार्यकारी समिति के सदस्य संजय खंडेलवाल का सक्रिय योगदान रहा।

# कांके विस से सीपीआइ प्रत्याशी संतोष कुमार ने किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके विधानसभा क्षेत्र से सीपीआइ के प्रत्याशी संतोष कुमार रजक ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल से पूर्व सीपीआइ राज्य कार्याल से जुलूस राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद सदस्य पीके पांडेय व जिला सचिव अजय सिंह के नेतृत्व में निकला। जुलूस में सभी कार्यकर्ता जोश भरे नारे लगा रहे थे। इससे पूर्व कांके विधानसभा क्षेत्र से निकले जुलूस में सीपीआइ के कार्यकर्ता शामिल हुए। सीपीआइ कांके विधानसभा क्षेत्र में लोगों की जन समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष किया है। इसीलिए इस बार सीपीआइ ने युवा चेहरा संतोष कुमार रजक को अपना उम्मीदवार बनाया है। सीपीआइ ने कांके विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि सभी लोगों को आपने मौका दिया है, इस बार सीपीआइ को मौका दें क्षेत्र के विकास के लिए। मौके पर निरंजन कुमार, सुधा कुमारी, अमीरउल्लाह अंसारी, तार सिंह लिंडवार, उमेश रजक, श्यामल, फरजाना फारूकी, सैफ, जयंत पांडेय, जैनेंद्र कुमार, डॉ अविनाश कुमार, डेविड खलको , आरती देवी, इम्तियाज अहमद खान आदि शामिल थे।

### जांच अभियान में कार से 25 लाख नगद बरामद



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा विभिन्न चेक पोस्टों पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के जवाहर घाटी में चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक कार से 25 लाख नकद बरामद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में मजीद खान नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। चंदवारा थाने में उससे पूछताछ की जा रही है। नकद के बारे में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है। मजीद खान कोलकाता से बिहार जा रहा था। इसी दौरान चेक पोस्ट पर जांच के दौरान वह नकद के साथ पकड़ा गया।

### झारखंड के सिमडेगा से पंजाब ले जाया जा रहा था नशीला पदार्थ

# 85 लाख के डोडा के साथ एक गिरफ्तार, 543 किलो डोडा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने 85 लाख के डोडा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 543 किलोग्राम डोडा जब्त किया गया है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस दी। उन्होंने बताया कि झारखंड से पंजाब के बीच नशीले पदार्थ की तस्करी की जा रही थी। इतने बड़े पैमाने पर डोडा पहली बार पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से पंजाब जा रहे एक ट्रेलर पर डोडा लादकर ले जाया जा रहा है। चुटूपालू घाटी में जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रेलर पीबी 03 एपी 9945 को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह गाड़ी नहीं रुकी। ड्राइवर ने तेज गति से गाड़ी को भगाने का प्रयास किया और वह घाटी में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने जब ट्रेलर की तलाशी ली तो उसमें 28 बोरियों में 543 किलो डोडा छुपा कर ले जाया जा रहा था।

**लोहे की आड़ में की जा रही थी डोडा की तस्करी :** एसपी ने बताया कि लोहे की आड़ में डोडा की तस्करी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि ट्रेलर मालिक सह चालक बाल करण सिंह पंजाब राज्य के भटिंडा जिला अंतर्गत नैवाडा थाना के जीदा गांव का रहने वाला है। वह राउरकेला ओड़िशा से लोहा लाद कर पंजाब के लिए निकला था। रास्ते में सिमडेगा में रुककर उसने 28 बोरी में बंद 543 किलोग्राम डोडा ट्रेलर पर लाद लिया और उसे लोहे से छुपा दिया।

### खरसावां से भाजपा के टिकट पर सोनाराम बोदरा ने किया नामांकन

**सरायकेला।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में नामांकन के अंतिम दिन राज्य के सबसे हॉट सीट सरायकेला और खरसावां से दिग्गजों ने नामांकन दाखिल कर दिया। शुक्रवार को सरायकेला विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भाजपा के टिकट से नामांकन किया। वहीं भाजपा से इस्तीफा देकर गणेश महली ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट से नामांकन दाखिल किया। वही खरसावां विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर सोनाराम बोदरा ने नामांकन किया। शुक्रवार को सभी प्रत्याशी हजारों हजार समर्थकों को लेकर गाजे- बाजे के साथ नॉमिनेशन करने पहुंचे। वहीं नामांकन से पूर्व दोनों ही दलों के नेताओं में हल्की नोकझोंक देखने को मिली। मुख्य सड़क पर घंटों आम जनता जाम की वजह से रेंगती रही।


# जमशेदपुर पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में जदयू का सिलेंडर ही भाजपा का कमल फूल है: सरयू राय



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम विधान सभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय ने नामांकन के बाद क्षेत्र में पदयात्रा कर आम जनता से मुलाकात की। शुक्रवार को सरयू राय ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के ग्वाला बस्ती, झाबरी बस्ती, विजया हेरिटेज सोसाइटी, कुंवर बस्ती, दाईगुट्ट, गणेश अखाड़ा, नेहरू मैदान क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री राय जमशेदपुर पश्चिम विधान सभा में जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगो से कहा 2024 के विधान सभा चुनाव में गैस सिलिंडर छाप ही भाजपा के कमल का फूल है। इस बार चुनाव ने एनडीए की सीट पर कमल छाप और गैस सिलेंडर छाप एक साथ चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने आम लोगो से कहा किसी किस्म के भ्रम में नहीं पड़ना है। श्री राय ने लोगों से अपील की वे सिलेंडर छाप पर ही मुहर लगायें ताकि जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं में पेयजल व बिजली की समस्या दूर हो सके। साथ ही कई इलाकों में व्याप्त गुंडई के माहौल को खत्म किया जा सके।


**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Ref. No. 6389 date 21.06.2024, I, TULSHIDAS KUMAR S/O LALAN MAHTO, aged about-18 Years faith-Hindu, Occupation-Study, Nationality-Indian, R/o-Khapiya, PO- Chainpur, P.S-Giddi "A", Dist-Hazaribagh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That my actual & correct name is TULSHIDAS KUMAR which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 8206 5665 2451 and PAN Card bearing PAN No.OXEPK1857G. 2. That due to mistake my name has been mentioned as TULSI DAS MAHTO in my Bank Passbook, Bank of India, Giddi Branch bearing Account No. 482310510000822. That TULSHIDAS KUMAR and TULSI DAS MAHTO both names are sante & single person i.e myself. That this affidavit is required for authority concern for doing needful.
5. That above statement made by me are genuine & correct.

# ग्लोबल स्टडी रिपोर्ट ऑफिस जाना अच्छा

अमेरिका स्थित एक माइंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन की ओर से हाल में करवायी गयी एक ग्लोबल स्टडी की रिपोर्ट ने वर्क कल्चर और मेंटल हेल्थ के रिश्तों पर नये सिरे से रोशनी डाली है। रिपोर्ट ऐसे समय आयी है जब भारत में वर्कलोड और ऑफिस के तनाव भरे माहौल पर बहस गर्म है। खासकर पिछले दिनों पुणे में हुई 26 साल की एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की मौत ने इस बहस को तेज कर दिया है। कोविड-19 के प्रभावों से वर्क फ्रॉम होम मॉडल का चलन बढ़ा था। इंप्लॉइज का एक वर्ग अभी भी इसी को पसंद करता है और कंपनियों को उन्हें ऑफिस बुलाने में मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा, लेकिन रिपोर्ट में यह तथ्य स्थापित हुआ है कि अकेले काम करने के बजाय टीम में काम करना मेंटल हेल्थ के लिए बेहतर होता है। खासकर भारत में वर्क फ्रॉम होम के मुकाबले वर्क फ्रॉम ऑफिस मोड अपनाने वालों के मेंटल हेल्थ इंडिकेटर्स बेहतर पाये गये। हालांकि अमेरिका और यूरोप में हाइब्रिड मोड (यानी कुछ दिन घर से काम और कुछ ऑफिस से) को सबसे अच्छा पाया गया। वर्क लोड और ऑफिस के माहौल का जहां तक सवाल है, तो रिपोर्ट बताती है कि मेंटल हेल्थ इंडिकेटर्स का रिश्तों से बड़ा गहरा नाता है। मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाये रखने वाला सबसे बड़ा फैक्टर है सहकर्मियों के साथ रिश्ता। सर्वे में यह बात सामने आयी कि वर्कलोड और फ्लेक्सिबल टाइमिंग जैसे फैक्टर भी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा मायने रखता है साथ काम कर रहे लोगों के साथ रिश्ता पॉजिटिव है या नहीं, अपने काम के साथ गर्व का भाव जुड़ा है या नहीं और वर्कप्लेस पर पूछ है या नहीं। यह रिपोर्ट मेंटल हेल्थ से जुड़ी बहस को वर्क-लाइफ बैलेंस के पारंपरिक दायरे से आगे ले जाती है। इस मुद्दे को पर्सनल लाइफ और प्रफेशनल लाइफ के दो अलग-अलग खांचों में देखने की परिपाटी से अलग यह इस मसले पर संपूर्णता में विचार करती है, जिससे यह तथ्य रेखांकित होता है कि मानसिक सेहत का मसला लोगों के साथ हमारे रिश्तों से जुड़ा है जो घर के भी हो सकते हैं और वर्कप्लेस के भी। वर्कप्लेस के जिन तनावों की बात अक्सर की जाती है, वे भी काफी हद तक सहकर्मियों के आपसी रिश्तों से निर्धारित होते हैं। निश्चित रूप से वर्कप्लेस पर बढ़ते तनाव के मसले को एंप्लॉयी-एंप्लॉयर संबंधों से पूरी तरह काट कर नहीं देखा जा सकता। इसका एक सिरा काम के घंटों और एंप्लॉयी से एंप्लॉयर्स की अपेक्षाओं से भी जुड़ता ही है, लेकिन रिपोर्ट ने कई अन्य अहम पहलुओं की ओर ध्यान खींचा है, जो अक्सर बहस में अनदेखे रह जाते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे वर्कप्लेस को बेहतर बनाने के प्रयासों में और मजबूती आयेगी।

**रिपोर्ट में यह तथ्य स्थापित हुआ है कि अकेले काम करने के बजाय टीम में काम करना मेंटल हेल्थ के लिए बेहतर होता है। खासकर भारत में वर्क फ्रॉम होम के मुकाबले वर्क फ्रॉम ऑफिस मोड अपनाने वालों के मेंटल हेल्थ इंडिकेटर्स बेहतर पाये गये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गूगल के अनुसार यह सौदा अमेरिकी बिजली ग्रिड को 500 मैगावाट कार्बन-मुक्त बिजली प्रदान करेगा। खोज दिग्गज गूगल ने कहा कि यह समझौता प्रमुख वैज्ञानिक प्रगति को शक्ति प्रदान करने के लिए एआइ तकनीकों के विकास में मदद करेगा। एआइ मॉडल को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह हमेशा ऑनलाइन रहे और बढ़ते डेटा केंद्रों को बनाये रखे। 2024 की पर्यावरण रिपोर्ट में, गूगल ने स्वीकार किया कि 2023 में उसके कुल वैश्विक ग्रीनहाऊस गैस उत्सर्जन में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।**

# बड़ी टेक कंपनियां परमाणु ऊर्जा की खोज क्यों कर रही हैं

**सहाना वेनुगोपाल**

14 अक्टूबर को, गूगल ने कई छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) से परमाणु ऊर्जा खरीदने के लिए पहले कॉर्पोरेट समझौते की घोषणा की। इन एसएमआर को कैरोस पावर द्वारा विकसित किया जायेगा। काम का प्रारंभिक चरण 2030 तक पहला एसएमआर लायेगा, और बाद की तैनाती 2035 तक जारी रहेगी। गूगल के अनुसार यह सौदा अमेरिकी बिजली ग्रिड को 500 मैगावाट कार्बन-मुक्त बिजली प्रदान करेगा। खोज दिग्गज गूगल ने कहा कि यह समझौता प्रमुख वैज्ञानिक प्रगति को शक्ति प्रदान करने के लिए एआइ तकनीकों के विकास में मदद करेगा। एआइ मॉडल को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह हमेशा ऑनलाइन रहे और बढ़ते डेटा केंद्रों को बनाये रखे।

2024 की पर्यावरण रिपोर्ट में, गूगल ने स्वीकार किया कि 2023 में उसके कुल वैश्विक ग्रीनहाऊस गैस उत्सर्जन में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गूगल ने पाया है कि न्यूक्लियर ऊर्जा (सौर ऊर्जा के विपरीत) स्वच्छ है, 24 घंटे उपलब्ध है और कार्बन मुक्त है। उस भावना में, खोज दिग्गज अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टरों को स्वच्छ ऊर्जा की मदद से वैश्विक डेटा केंद्रों और उसके कार्यालयों को बिजली देने के तरीके के रूप में देखता है। छोटे आकार और मॉड्यूलर डिजाइन तकनीक को और अधिक मदद करते हैं। कौन-सी कंपनियां परमाणु रिएक्टर निर्माताओं के साथ साझेदारी कर रही हैं?

**गूगल ने पाया है कि न्यूक्लियर ऊर्जा (सौर ऊर्जा के विपरीत) स्वच्छ है, 24 घंटे उपलब्ध है और कार्बन मुक्त है।**



**एमेजॉन ने एक बयान में कहा कि हमने पहले पेंसिल्वेनिया में टैलेन एनर्जी की परमाणु सुविधा के बगल में एक डेटा सेंटर सुविधा को सह-स्थित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जो कार्बन मुक्त ऊर्जा के साथ सीधे डाटा केंद्रों को बिजली देगा और इस मौजूदा रिएक्टर को संरक्षित करने में मदद करेगा।**

20 सितंबर को माइक्रोसॉफ्ट और कॉन्स्टेलेशन ने क्रेन क्लीन एनर्जी सेंटर (सीसीइसी) को लांच करने और थ्री माइल आइलैंड यूनिट 1 को फिर से शुरू करने के उद्देश्य से 20 साल के बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किये। कॉन्स्टेलेशन के बयान के अनुसार, इस सौदे से ग्रिड में लगभग 835 मैगावाट कार्बन-मुक्त ऊर्जा जुड़नी चाहिए। उस समय माइक्रोसॉफ्ट के ऊर्जा उपाध्यक्ष बॉबी हॉलिस ने कहा कि यह समझौता कार्बन नकारात्मक बनने की हमारी प्रतिबद्धता के समर्थन में ग्रिड को डीकार्बोनाइज करने में माइक्रोसॉफ्ट के प्रयासों में एक प्रमुख मील का पत्थर है। एमेजॉन ने यह भी घोषणा की कि उसने एसएमआर के निर्माण जैसी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए 3 नये समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।

वाशिंगटन में, एनर्जी नॉर्थवेस्ट के साथ भागीदारी की। इसके अलावा यह एसएमआर रिएक्टरों और ईंधन डिवैल्पर एक्स एनर्जी में निवेश कर रहा है और वर्जीनिया में डोमिनियन एनर्जी के साथ सांझेदारी कर रहा है। एमेजॉन ने एक बयान में कहा कि हमने पहले पेंसिल्वेनिया में टैलेन एनर्जी की परमाणु सुविधा के बगल में एक डेटा सेंटर सुविधा को सह-स्थित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जो कार्बन मुक्त ऊर्जा के साथ सीधे डाटा केंद्रों को बिजली देगा और इस मौजूदा रिएक्टर को संरक्षित करने में मदद करेगा।

**क्या परमाणु ऊर्जा वास्तव में स्वच्छ है?**

यह अभी भी बहस का विषय है कि क्या परमाणु ऊर्जा वास्तव में स्वच्छ है? मुख्य निष्कर्ष यह है कि परमाणु ऊर्जा की प्रतिष्ठा को लेकर गंभीर समस्या है, क्योंकि पिछली दुर्घटनाओं और संकटों की सार्वजनिक स्मृति पीढ़ियों तक फैली हुई है, उदाहरण के लिए, यूक्रेन का चेरनोबिल विस्फोट (1986) और जापान की फुकुशिमा दुर्घटना (2011) के परिणामस्वरूप व्यापक पर्यावरणीय विनाश हुआ जो वर्षों तक चला, जबकि मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव पर अभी भी शोध किया जा रहा है।

फुकुशिमा दुर्घटना दर्शाती है कि कैसे मानव नियंत्रण से परे प्राकृतिक आपदाएं परमाणु दुर्घटनाओं को जन्म दे सकती हैं।

परमाणु रिएक्टरों में दुर्घटनाओं, रिसाव, बाहरी कटौतियों और आसमान छूती लागतों का लंबा इतिहास रहा है।

संगठन ने भूकंप-प्रभावित क्षेत्रों में परमाणु बुनियादी ढांचे के निर्माण के खतरों की ओर भी इशारा किया।

**परमाणु ऊर्जा पर अमेरिकी सरकार का रुख**

परमाणु ऊर्जा को स्वच्छ ऊर्जा के एक स्त्रोत के रूप में देखने के अलावा, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के परमाणु ऊर्जा कार्यालय ने चीन और रूस से आगे रहने के लिए अमेरिका को एक अग्रणी देश के रूप में पुनः स्थापित करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

परमाणु ऊर्जा के लिए सहायक सचिव डॉ रीता बरनवाल ने कहा कि चूंकि परमाणु ऊर्जा का उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस अविश्वसनीय प्रौद्योगिकी में एक नेता के रूप में खुद को फिर से स्थापित करे। मौजूदा यूएस परमाणु संयंत्र हर साल लगभग 500 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोकते हैं, जो सड़कों से 100 मिलियन कारों को हटाने के बराबर है।

## देश-विदेश की खबरें

# सीमा से भारत-चीन सेना की वापसी शुरू

## 28-29 तक एलएसी से पूरी तरह पीछे हट जायेंगी दोनों सेनाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने कहा है कि भारतीय और चीनी सेना इस महीने की 28-29 अक्तूबर तक पूरी तरह से पीछे हट जायेंगी। चीन के साथ समझौते पर सेना के सूत्रों ने बताया कि पहले कूटनीतिक स्तर पर समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी, फिर सैन्य स्तर पर बातचीत हुई।

बता दें कि गलवान में संघर्ष के बाद से हालात बिगड़े थे। मामले में रक्षा अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर में डेमचोक और देपसांग मैदानों में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने सामानों को वापस लाना शुरू कर दिया है।

इससे पहले 21 अक्टूबर को, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के लिए चीन के साथ समझौता किया है, जिससे चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है।

वहीं 24 अक्तूबर को एक कार्यक्रम में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई की बहाली शामिल है। राजनाथ सिंह ने संबंधों में प्रगति का श्रेय निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति को दिया क्योंकि, जल्द या बाद में, समाधान सामने आयेंगे।

# 20 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर से 25 से अधिक उड़ानों को बम की धमकी मिली। इनमें इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट की सात और एयर इंडिया की छह उड़ाने शामिल हैं। विमानन सूत्रों ने यह जानकारी दी। इंडिगो की जिन उड़ानों को धमकी मिली है, उनमें 6इ 11 (दिल्ली-इस्तांबुल), 6इ 58 (जेद्दा-मुंबई), 6इ 17 (मुंबई-इस्तांबुल), 6इ 108 (हैदराबाद-चंडीगढ़), 6इ 133 (पुणे-जोधपुर), 6इ 87 (कोझिकोड-दम्माम) और 6इ 2099 (उदयपुर-दिल्ली) शामिल हैं। एयरलाइनों ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा, हमारे सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार सभी जरूरी उपाय किये जा रहे हैं और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे ग्राहकों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस समय किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं और ग्राहकों की समझदारी की सराहना करते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा-शांति कायम करने की एनडीए की नीतियां फेल : राहुल गांधी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर एनडीए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार की नीतियां सुरक्षा और शांति कायम करने में पूरी तरह फेल हैं। सरकार की इस पर जवाबदेही तय करनी चाहिए। इसके साथ ही सेना के जवानों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। एक्स पर पोस्ट में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सेना के वाहन पर कायरतापूर्ण हमले में हमारे बहादुर सैनिकों की शहादत की खबर बेहद दुखद है। हमले में दो पोर्टर की भी जान चली गयी। मैं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की नीतियां जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और शांति स्थापित करने में पूरी तरह से फेल रही हैं।

**प्रियंका गांधी ने भी की आतंकी हमले की निंदा :** वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी आतंकी हमले में जान-माल के नुकसान पर कहा कि आतंकी कृत्यों के लिए जितनी भी निंदा की जाये, वह पर्याप्त नहीं है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आतंकी हमले में दो जवानों की शहादत की खबर बेहद दुखद है। हमले में दो पोर्टरों की भी जान चली गयी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

# लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सात शूटर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पंजाब और अन्य राज्यों से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सात शूटर गिरफ्तार किये हैं। इनसे भारी संख्या में हथियार भी बरामद किये गये हैं। स्पेशल सेल ने इस कार्रवाई में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में छापेमारी की। सभी आरोपी पहले भी हत्या और जबरन वसूली की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों के पास से छह सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 26 कारतूस, चोरी की कार, मोटरसाइकिल और जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस बरामद हुए हैं। स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद कुमार कुशवाह ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सात शूटरों को गिरफ्तार किया है। पहली गिरफ्तारी रितेश नाम के शख्स की 23 अक्टूबर को दिल्ली में हुई थी। राजस्थान से सुखाराम नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। पंजाब के अबोहर और सिरसा से भी गिरफ्तारियां हुई हैं। वे राजस्थान में सुनील पहलवान की हत्या की योजना बना रहे थे। उन्होंने दो बार रेकी भी की थी। उनके पास से एक जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस भी बरामद हुई है। उन्हें आरजू बिश्नोई से निर्देश मिल रहे थे, जो अब स्वतंत्र रूप से काम कर रहा है, लेकिन वह पहले लॉरेंस सिंडिकेट का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह भी जांच की जायेगी कि क्या वे किसी तरह से बाबा सिद्दीकी पर हमले से जुड़े हुए हैं या नहीं।

# टाटा के जर्मन शेफर्ड 'टीटो' का ध्यान रखेगा रसोइया!

- वसीयत के हवाले से सामने आया नाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष और मानद चेयरमैन रतन टाटा का नौ अक्तूबर को 86 वर्ष की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन के बाद से ही उनकी विरासत किसे मिलेगी, इसकी चर्चा शुरू हो गयी। इस बीच उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को टाटा समूह से जुड़े प्रमुख ट्रस्ट का चेयरमैन चुन लिया गया। अब 10 हजार करोड़ रुपये की रतन टाटा की निजी वसीयत से जुड़ी जानकारी सामने आयी है। अपनी वसीयत में रतन टाटा ने भारतीय कारोबारी माहौल के लिहाज से एक असामान्य कदम उठाया है। उन्होंने अपने जर्मन शेफर्ड पालतु कुत्ते टीटो के लिए भी विशेष प्रावधान किये हैं। पांच-छह साल पहले गोद लिये गये टीटो को 'असीमित' देखभाल मिलेगी। दिवंगत रतन टाटा के रसोइये राजन शॉ, जो पहले से ही टीटो की देखभाल कर रहे हैं, वसीयत के जरिये सुनिश्चित संसाधनों के साथ टीटो का आजीवन ख्याल रखेंगे।



**रतन टाटा की संपत्ति आरटीइएफ को सौंपी जानी है: रिपोर्ट**

**रिपोर्ट में किये गये दावे के अनुसार रतन टाटा की वसीयत में जिक्र है कि उनकी संपत्ति मुख्य रूप से रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन (आरटीइएफ) को सौंपी जायेगी। इस फाउंडेशन की स्थापना 2022 में एक गैर-लाभकारी संगठन के रूप में की गयी थी, जिसका उद्देश्य टाटा की सामाजिक कल्याण और परोपकार की परंपरा को जारी रखना है। इसके अनुसार टाटा की 10 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति का बड़ा हिस्सा, जिसमें टाटा संस और टाटा समूह की अन्य कंपनियों में रतन टाटा की हिस्सेदारी शामिल है, आरटीइएफ को हस्तांतरित कर दी जायेगी।**

### 10 हजार करोड़ रुपये की वसीयत

टाटा समूह के पुरोधा रतन टाटा अपने पीछे नेतृत्व, नवाचार और परोपकार की लंबी-चौड़ी विरासत छोड़ गये हैं। रिपोर्ट के अनुसार रतन टाटा ने अपनी विरासत के साथ 10 हजार करोड़ रुपये की एक वसीयत भी छोड़ी है। इस वसीयत में रतन टाटा के परिवार, टाटा के करीबी रहे शांतनु नायडू, रतन टाटा के वफादार रहे कर्मचारियों, उनकी ओर से चलायी जा रही चैरिटी का भी नाम शामिल है। फिलहाल रतन टाटा की यह वसीयत बांबे हाइकोर्ट में प्रोबेट प्रक्रिया से गुजर रही है। यह कानूनी प्रक्रिया वसीयत की वैधता की पुष्टि करेगी और इसके उचित निष्पादन को सुनिश्चित करेगी।


### भाई जिमी और सौतेली बहनों को भी हिस्सा

रिपोर्ट के अनुसार रतन टाटा की वसीयत में उनके करीबी पारिवारिक सदस्यों को भी हिस्सा मिला है। उनके भाई जिमी टाटा और उनकी सौतेली बहनें शिरीन और डीना जीजीभॉय को भी लाभार्थियों में शामिल किया गया है। टाटा के भरोसेमंद सहयोगी रहे उनके बटलर सुब्बिया, जिन्होंने कई सालों तक उनकी सेवा की है, का नाम भी वसीयत में शामिल हैं। शांतनु नायडू, जो टाटा के कार्यकारी सहायक और करीबी विश्वासपात्र थे, को भी रतन टाटा की वसीयत में हिस्सा मिला है। टाटा ने नायडू की ओर से ली गयी अपनी शिक्षा के लिए लिए गए व्यक्तिगत ऋण माफ कर दिया है। इसके अलावा टाटा ने नायडू स्टार्टअप गुडफेलो में अपनी हिस्सेदारी पर दावेदारी भी छोड़ दी है।

# गुलमर्ग आतंकी हमले के लिए पाक जिम्मेदार: फारूक अब्दुल्ला

- हिंसा बंद करके भारत के साथ दोस्ती का रास्ता तलाशे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग आतंकी हमले के लिए नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने शुक्रवार को कहा, पाकिस्तान को हिंसा बंद करके भारत के साथ दोस्ती का रास्ता तलाशना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने की जगह अपनी दुर्दशा पर ध्यान देना चाहिए। अपनी बेहतरी के लिए काम करना चाहिए। मैं पिछले 30 सालों से यह देख रहा हूं। जम्मू-कश्मीर में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुलमर्ग जैसे हमले तब तक होते रहेंगे, जब तक भारत और पाकिस्तान दोस्ती का रास्ता नहीं खोज लेते। आप जानते हैं कि वे (आतंकवादी) कहां से आते हैं। ये तब तक नहीं रुकेगा, जब तक इस परेशानी से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिल जाता। अब्दुल्ला ने कहा कि मैं गुलमर्ग हमले के शहीद जवानों और मृतक कुलियों को श्रद्धांजलि देता हूं। उनके परिवारों से माफी मांगता हूं। अब्दुल्ला से पूछा गया कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में हुए रिकॉर्ड मतदान से क्या पाकिस्तान हताश है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। उन्होंने कहा कि लोगों ने विधानसभा चुनावों में मतदान किया और अब विधानसभा लोगों के लिए काम करेगी। हमें उम्मीद है कि केंद्र पूर्ण राज्य का दर्जा देगा, ताकि सरकार लोगों के लिए काम कर सके।

# एआइएमआइएम प्रत्याशी डॉ. एमएन खान ने किया नामांकन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** एआइएमआइएम प्रत्याशी डॉ. आरएमएन खान ने आज नामांकन दाखिल किया। डॉ. खान ने नामांकन पत्र जमा करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में इस बार बदलाव की स्पष्ट लहर है और जनता एआईएमआईएम को एक नया विकल्प मानते हुए समर्थन दे रही है। डॉ. खान ने गढ़वा क्षेत्र की मौजूदा समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि यहां की जनता लंबे समय से बेरोजगारी, शिक्षा, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रतिनिधित्व इन बुनियादी मुद्दों को हल करने में विफल रहा है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार गढ़वा की जनता उनके पक्ष में निर्णय लेगी और एआइएमआइएम को विधानसभा में भेजने का मन बना चुकी है। डॉ. खान के नामांकन में उनके समर्थक और पार्टी के कई नेता भी शामिल थे, जिन्होंने जोरदार नारों और समर्थन के साथ उनका हौसला बढ़ाया।

# आशीर्वाद यात्रा में भाजपा ज्वाइन करने वालों की होड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** भानु प्रताप शाही के आशीर्वाद यात्रा में भाजपा ज्वाइन करने वालो में मची होड़ सगमा प्रखंड के पांच सौ से अधिक लोगो विभिन्न दलों को छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया जिसे निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्यासी भानु प्रताप शाही ने पार्टी के पटा पहनाकर स्वागत किया।

बताते चलें की सगमा प्रखण्ड में भाजपा प्रत्यासी निवर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही अपने निर्धारित आशीर्वाद कार्यक्रम के तहत सगमा प्रखंड के विभिन्न गांव में आशीर्वाद कार्यक्रम के द्वारा चुनाव प्रचार कर अपने पक्ष में मतदान करने का आह्वान कर रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार को सगमा प्रखंड के दुसैया, घघरी, बीरबल, सोनडीहा, पुटुर, सगमा, सारदा गांव में आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में दौरान लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से दस वर्षो तक भवनाथपुर विधान सभा का सेवा करने का मौका दिया है। मैं अपने विधानसभा को पूरे झारखंड में विकसित विधानसभा के रूप में देखना चाहता हूं, इसके लिए हम आप लोगो के आशीर्वाद से रात दिन इसके लिए काम कर रहा हूं। उन्होंने देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का देश वासियों के लिए पांच महाप्राण की याद दिलाते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही पार्टी के पांच प्राण लागू किया जायेगा। जिसमे झारखंड के सभी अठारह से लेकर साठ वर्ष के लोगों के गोगो दीदी योजना के तहत प्रति माह के ग्यारह तारीख को एकिश सौ रुपये उनके खाते में डालना शुरू हो जायेगा ।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत मिलने वाला एक हजार रुपया को बढ़ाकर दो हजार रुपया कर दिया जाएगा उज्ज्वल योजना सुरु कर वंचित महिलाओ को गैस चूल्हा वितरण शुरू किया जायेगा। आशीर्वाद यात्रा में उमड़ रही भारी समर्थन को देखते उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को भाजपा के कमल छाप पर मुहर लगाकर मुझे एक बार पुनः क्षेत्र की सेवा करने का अवसर दें।

# सुसज्जित लाइटों से जगमग होगा छठ घाट



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ के मौके पर गढ़वा जिला मुख्यालय में तो हर वर्ष कुछ अलग करने की प्रयास रहता है। सभी क्लब जैसे जागृति क्लब टंडवा, फ्रेंड्स क्लब, स्टूडेंट क्लब, साथ ही टी ग्रुप गढ़वा के द्वारा लगातार साफ सफाई से लेकर लाइट एवं छठ व्रत के लिए सुसज्जित व्यवस्था का प्रबंध किया जाता है तो वही नदी में आये छोटे बच्चों का भी खास ध्यान रखा जाता है। आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाने को लेकर जागृति क्लब टंडवा भगलपुर के द्वारा सुनील कुमार व चंदन पासवान के अध्यक्षता में 25 अक्टूबर दिन शुक्रवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से विगत पिछले वर्ष के सदस्यता भंग कर एक नयी युवा पीढ़ी की कमेटी को सदस्यता सौंपी गयी। जिसमें सभी के सर्वसहमति से रोहित कुमार साव को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष पिंटू गुप्ता व राकेश कुमार,सचिव विशाल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष शशि कुमार साव,संयोजक धर्मेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना, सहसचिव राहुल गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी सोनू कुमार को बनाया गया।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष और जिला मंत्री ने प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा



राजीव राज तिवारी और चंदन जायसवाल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी गढ़वा जिला के उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी एवं सांसद प्रतिनिधि सह जिला मंत्री चंदन जायसवाल ने पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नाम इस्तीफा पत्र भेजा है। जिसमें उल्लेख किया है कि भारतीय जनता पार्टी में पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा अपमान एवं पार्टी में बढ़ रहे तानाशाही रवैया एवं पार्टी के ही नेता के इशारे पर सोशल मिडिया पर शरारती तत्वों के द्वारा लगातार अपमान जनक, अभद्र और भ्रामक पोस्ट के द्वारा प्रतिष्ठा हनन किया जा रहा हैं। नेताओं ने कहा है कि पार्टी के द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गयी उसे पूरे मनोयोग से सफलता पूर्वक जिम्मेदारीपूर्ण निर्वहन करते रहे। लेकिन अब स्थिति विपरीत हो गयी और पार्टी का कार्य करने में स्वयं को असहज महसूस कर रहा हूं। जिससे भारीमन से भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंत्री के साथ साथ प्राथमिक सदस्य के पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

# पंकज कुमार के समर्थन में नामांकन सभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बंशीधर नगर।** बसपा की ओर से पार्टी के प्रत्याशी पंकज कुमार चौबे के समर्थन में शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन यहां गोसाईबाग के मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुये बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा कि बसपा विधानसभा चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ रही है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले चुनाव में बसपा दूसरे स्थान पर थी। यहां उपस्थित जनसमूह को देखकर कहा जा सकता है कि पार्टी उम्मीदवार पंकज कुमार चौबे की जीत निश्चित है।

उन्होंने कहा कि देश में एकमात्र बसपा ही ऐसी पार्टी है जो गरीबों दलितों, किसान नौजवानों की हितैषी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा झामुमो कांग्रेस सब एक ही थाली के चटे बट्टे हैं। बसपा ने देश के दलितों, पिछड़ों दबे कुचलों को अधिकार दिलाने का काम किया है। सामाजिक न्याय के नारे के साथ पार्टी पूरे प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन करेगी। नामांकन सभा को संबोधित करते बसपा प्रत्याशी पंकज कुमार चौबे ने कहा कि यहां की सरकार और यहां का विधायक भानू प्रताप शाही दोनों ने मिलकर खूब राज्य और क्षेत्र की जनता को लुटा है। उन्होंने कहा कि मैं अगर विधायक बनूंगा तो तीन महत्वपूर्ण कार्य है, जो करूंगा। यहां की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार। जो आज तक न सरकार उपलब्ध करा पाई और न ही विधायक। उन्होंने कहा कि दो राजा भवनाथपुर विधानसभा का हर समय प्रतिनिधित्व क्यों करें? उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी आज से पहले बड़ी पार्टी थी और उसकी नीति सिद्धांत आज भी वही है। आज तक कोई भी ऐसी सरकार नहीं है जो ढंग से चली हो। यहां तक कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी सरकार चलाने में असमर्थ दिख रहे। इससे पूर्व पंकज कुमार चौबे ने भवनाथपुर मोड़ से गोसाईबाग के मैदान तक खुली गाड़ी में रोड शो किया। लोगों का अभिवादन करते हुये सहयोग की अपील की। रोड में शो में बड़ी संख्य में लोग शामिल थे।

# भाजपा रमकंडा मंडल की बैठक में सातों मोर्चा के कार्यकर्ता हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामकंडा।** भाजपा रमकंडा मंडल की बैठक मंडल कार्यालय रमकंडा में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के सभी सातों मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि दो नवंबर को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का भाजपा का सातो मोर्चा का सम्मेलन गढ़वा में किया जायेगा। जिसमें गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से सभी मंडल के मोर्चा कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड से झामुमो को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार है झामुमो के मंत्री विधायक ने खुलेआम झारखंड को लुटने का काम किया है झामुमो ने गुंडाराज राज माफिया राज गढ़वा में कायम किया। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग तरह तरह का प्रलोभन देकर लगातार जनता को ठगने में लगे हुए हैं लेकिन जनता झामुमो का चाल चरित्र समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की प्रचंड बहुमत से जीत होगी। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता के साथ जनता ने भी कमर कस लिया है। वहीं भाजपा रंका उत्तरी मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास के अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विधानसभा स्तरीय सातो मोर्चा के कार्यकर्ता के साथ रंका में बैठक हुई।

मौके पर भाजयुमो जिला मंत्री संजय जायसवाल भाजपा मंडल महामंत्री राजु सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रेम यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, मंटु दुबे, अमित मुंडा, अवधेश प्रसाद, राजू प्रसाद धनंजय विश्वकर्मा, कमल किशोर प्रसाद, अनिल राम, दीनानाथ यादव, छोटेलाल अग्रवाल सरवन गोंड, अमर सिंह नक्कू भुइंया अर्जुन यादव के साथ सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से करीब सैकड़ों लोगो ने बहुजन समाज पार्टी छोड़कर विधायक भानु प्रताप शाही के प्रति निष्ठा जताते हुए भाजपा का दामन थामा। भाजपा में शामिल होने वाले लोगो को भवनाथपुर मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने भाजपा मंडल कार्यालय में सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। भाजपा में शामिल हुए लोगो ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के विकास कार्यों को देखते हुए हमसभी ने उनके पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। कहा कि भवनाथपुर विधानसभा का सर्वांगीण विकास विधायक भानु और भाजपा के द्वारा ही संभव है। भाजपा में शामिल होने वालों में अल्ताफ राजा, सलीम अंसारी, शमी आलम, अशफाक अहमद, लल्लू राम, दिलीप पासवान, सखी भुइंया, जयराम, गीता कुंवर, अनूप यादव, कामख्या यादव, तारा देवी, फुलपति देवी, मोती भुइंया, डॉ. बृजनाथ आर्य, फुलेश्वरी देवी सहित अन्य लोगो का नाम शामिल है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भृगुण ठाकुर, अनिल चौबे, भानु गुप्ता, अशोक राम आदि मौजूद थे।

# मंत्री ने सबसे अधिक पिछड़े, दलित और आदिवासियों पर किया है जुल्मः सत्येंद्रनाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपने कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक पिछड़े, दलित और आदिवासियों पर जुल्म किया है। कल्याण विभाग से सब्सिडी पर गरीबों को मिलने वाला वाहन को मंत्री ने अपने चहेतों को दिलाने का काम किया है। मंत्री ने अपने सभी विधायक प्रतिनिधियों को कल्याण विभाग से मिलने वाला सब्सिडी का वाहन को दिलाया है। उक्त बातें एनडीए प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कही। वे अपने आवास पर दूसरें दलों को छोड़कर पहुंचे लोगों को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। पूर्व विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों का मंत्री और झामुमो के लोगों से पूरी तरह मोहभंग हो चुका है। लोग भ्रष्ट्राचार और अपराधिकरण से तंग आ चुके है। विशेष वर्ग के मंत्री के प्रतिनिधि ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी के महिला के साथ खुलेआम किस तरह से मारपीट किया है, वह किसी से छिपी हुई नही है। मंत्री के गुर्गे खुलेआम गरीबों का जमीन लूटते चल रहे है। मंत्री के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छिन लिया गया। उन्होंने कहा कि मंत्री ने एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए अपराधिक छवि के व्यक्तियों को पिस्टल और राइफल का लाइसेंस जारी कराया है। बालू के अभाव के अभाव में लोग हाहाकार कर रहे है। व्यवसायी वर्ग पूरी तरह से भय के माहौल में है। उन्होंने कहा कि मंत्री जिले के कुछ भ्रष्ट्र अधिकारियों के सहयोग और पैसा के बल पर चुनाव जीतने का सपना देख रहे है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है। लोग पीएम मोदी को गारंटी के रूप में देखते है। यहीं कारण है कि महिलाएं गो-गो दीदी योजना के तहत भारी संख्या में फार्म भरी है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही सभी महिलाओं के खाता में हर माह के 11 तारीख को 21 सौ रूपए उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व विधायक ने संघत मोहल्ला, सोनपुरवा, जोबरईया सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की।

# शिक्षक पर बेरहमी से पिटाई का आरोप

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** मिलेनियम पब्लिक स्कूल में दीपक कुमार नामक छात्र की बेहरमी से पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्र की पिटाई कोई और नहीं बल्कि स्कूल के ही शिक्षक के द्वारा की गयी है। वह थाना क्षेत्र के जंगीपुर स्थित ब्लॉक मोड़ निवासी शंभू कुमार का पुत्र है। वह मिलेनियम पब्लिक स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र का है। बताया जा रहा कि स्कूल के शिक्षक शोभित कुमार ने गाली देने के आरोप में छात्र की इतनी बेहरमी से पिटाई की कि वह बेहोशी की हालत में स्कूल के बेंच पर क्लासरूम में ही गिर गया। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र की पीठ और कान के पास छड़ी का निशान आ गया। घर वालों ने आनन-फानन में घायल छात्र को प्राथमिक इलाज कराया। इसके बाद बच्चे ने घटना की पूरी जानकारी घर वालों को दी। उसके बाद बच्चे के माता पिता ने स्कूल के निर्देशक मुमताज राही से शिकायत की। निर्देशक द्वारा मामले को रफा-दफा करने को कहा गया। जिसके बाद परिजनों ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज करायी है।

# एसपीडी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के निर्देशानुसार एनएसएस एवं एनसीसी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित किया गया। साथ ही तंबाकु मुक्त युवा अभियान 2.0 एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. निकलेश चैबे ने कहा कि सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा आयोजित यह एक बेहतर कार्यक्रम है। बेहतर स्वास्थ्य सफल जीवन के सफलता की कुंजी है चाहे वह शारीरिक हो अथवा मानसिक। आज के युवा वर्ग को इस पर गौर करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनसीडी सेल, सदर अस्पताल गढ़वा के मनोवैज्ञानिक संजीव शरण ने मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में कॉमन मेंटल डिजॉडर, ड्रग एब्यूज्ड डिजाडर, टोबैको फ्री इंडिया कैम्पेन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी रखी। उन्होने इसके निदान भी बताए। इस मौके पर मतदाता जागरुकता के संबंध में जानकारी रखी गयी। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. केके सिन्हा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी रखी। कार्यक्रम में एनसीडी सेल की शारदा कच्छप, राजकुमार वर्मा, प्रो. बिरेन्द्र पाण्डेय, प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी, प्रो. शारदा कुमारी, प्रो. केबी अंसारी, प्रो. अरविन्द गुप्ता, प्रो. धीरेंद्र मिश्रा, प्रो. अर्जुन प्रसाद, विनीत चौबे, पुनीत चौबे, सिमरन आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर नेपाल खोह के समीप गुरुवार की रात करीब साढ़े सात बजे हुई सड़क दुर्घटना में विधायक भानु प्रताप शाही के भतीजा हैप्पी प्रताप शाही एवं भवनाथपुर बस्ती निवासी अंकित राज सिंह पिता अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। वें श्रीवंशीधर नगर से विधायक भानु के नामांकन कार्यक्रम के बाद शुक्रवार की देर शाम भवनाथपुर वापस लौट रहे थे। उक्त दोनों को तत्काल इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अंकित राज सिंह को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा तथा वहां से भी रांची रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर हैप्पी प्रताप शाही ने बताया कि मैं और अंकित विधायक भानु प्रताप शाही के नामांकन एवं जनसभा के बाद शुक्रवार की देर शाम बाईक से श्रीबंशीधर नगर से भवनाथपुर वापस लौट रहे थे, तभी मुख्य पथ पर नेपाल खोह के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरा वाहन जिसके आगे जेएमएम का झंडा लगा हुआ था, जिसका चालक लापरवाही से बोलेरा चलाते हुए मेरी बाईक की तरफ आने से लगा तो मेरी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

# गढ़वा की तस्वीर बदलने के लिए करें मतदान : मिथिलेश ठाकुर

**मेराल जिप सदस्य सहित 300 से अधिक लोग झामुमो में शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** मेराल दक्षिणी जिला परिषद सदस्य संजय सिंह सहित भाजपा, बसपा, एआईएमआईएम आदि राजनीतिक दलों को छोड़कर विभिन्न प्रखंडों के 300 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हो गये हैं। शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंचकर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। 300 से अधिक लोग शामिल हैं।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग वोट लूटने वालों से सावधान रहें। अपने क्षेत्र में जनता को भी इस बात से अवगत कराएं कि जो लोग सिर्फ चुनाव के समय वोट लूटने आते हैं, कोई चिकनी-चुपड़ी तो उल्टी-सीधी बातों में फंसा कर जनता को गुमराह करते हैं। वैसे लोगों के झांसे में कभी नहीं आएं। लोकतंत्र के इस महापर्व में एक-एक वोट काफी महत्वपूर्ण है। सभी लोग सोच समझकर क्षेत्र का विकास करने वाले व्यक्ति को ही वोट दें। जो वोट लेकर जीतने के बाद क्षेत्र में कोई काम नहीं करता है, वैसे लोगों को कभी वोट न दें। गढ़वा की तस्वीर बदलने के लिए तीर धनुष छाप पर ही अपना मतदान करें।

# दीपावली और छठ पर्व में मिट्टी के दीये शुभ

**जितेन्द्र यादव**

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों दीपावली व छठ नजदीक आते ही लोग घरों व दुकानों की साफ-सफाई में जुटे हुए हैं। वही कुम्हारों की चाक की गति तेज पकड़ ली है। लोग दीया बनाने का काम को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इस कार्य में जुड़े कुम्हार अपनी पूरी निष्ठा से दिन- रात एक करके पूरे परिवार मिलकर मिट्टी का दीया बनाने में लगे हुए हैं। इसके अलावा छठ पूजा में आवश्यक मिट्टी के बर्तन बनाने में जुटे हुए हैं, जिससे छठ महापर्व में मांग के अनुसार मिट्टी से निर्मित बर्तनों की आपूर्ति की जा सके। प्रखंड क्षेत्र के सुअरजंघा गाँव के कई घरों में मिट्टी के दिपक,ढक्कन सहित अन्य मिट्टी के बर्तन बनाई जा रही है।वही रारो,लवाही,सोनहारा गांव के कई कुम्हार समाज के लोग त्योहार में अधिक बिक्री की उम्मीद लिये अन्य कामों को छोड़कर दीया बनाने में दिन -रात एक कर दिया है। इन काम में बड़ों से लेकर बच्चे तक लगे हैं। कोई मिट्टी बनाकर गूंथने में जुटा है तो कोई चाक तक मिट्टी ला रहा है। घर के बड़े लोग चाक पर बैठकर मिट्टी को आकार देने में जुटे हैं, तो कोई बर्तनों को सुखाने में लगा है।

पूजन करने वालों का मानना है कि दीपावली और छठ पर्व में मिट्टी के दीये और सामान शुभ होते हैं।

# अलग-अलग गांवों से चार वारंटी गिरफ्तार

**धुरकी/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर धुरकी पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस लगातार अभियान चलाकर शराब तस्करों, फिरारियो/ वारंटियों एवं अन्य तस्करों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को रात्रि में धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने टीम गठित कर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया की विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार रात्रि में अलग अलग टीम का गठन कर वारंटी/फिरारी की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया गया, जिस क्रम में कटहर कला निवासी सुभाष गुप्ता, अजय उरांव, सुरेंद्र कोरवा एवं शिवपूजन कोरवा कुल 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह सख्त है, गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे किसी भी वारंटी/ फिरारी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा, वे कहीं भी छिपे रहेंगे तो भी उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा इसलिए वे अविलंब आत्मसमर्पण कर दें।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# तोरपा विस क्षेत्र में फिर तैयार हो रही भाजपा और झामुमो के बीच सीधी टक्कर की जमीन

## पांच विधानसभा चुनावों में दोनों राजनीतिक दलों के बीच होता रहा है कांटे का संघर्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित तोरपा विधानसभा क्षेत्र में इस बार जबर्दस्त चुनावी मुकाबला देखनेको मिलेगा। एक ओर जहां भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक कोचे मुंडा के समक्ष अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं दूसरी ओर झामुमो भी पिछले विधानसभा में मिली हार का बदला लेने के लिए कोई कोर-कसर बाकी रखना नहीं चाहता। हालांकि अभी विधानसभा चुनाव को लेकर तोरपा की तस्वीर साफ नहीं हो सकी है कि कितने राजनीतिक योद्धा चुनावी दंगल में उतरेंगे। 30 अक्टूबर को नामांकन वापसी के बाद ही यह तस्वीर साफ हो पायेगी। इस बार भी भाजपा के कोचे मुंडा और झामुमो के सुदीप गुड़िया आमने-सामने हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोचे मुंडा सुदीप गुड़िया को 9630 मतों से परास्त कर विधानसभा पहुंचे थे। 1957 से 2000 तक तोरपा विधानसभा क्षेत्र को झारखंड पार्टी का गढ़ माना जाता है। झारखंड पार्टी ने यहां से सता बार जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा ने तीन बार और झामुमो और कांग्रेस ने दो-दो बार जीत हासिल की है। भाजपा ने छठी बार कोचे मुंडा पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। तीन बार कोचे मुंडा जीत का सेहरा बांध चुके हैं। 1957 में तोरपा विधानसभा अस्तित्व में आया। इसके पूर्व यह इलका खूंटी विधानसभा क्षेत्र में था। 1957 में पहली बार तोरपा विधानसभा सीट के लिए हुए चुनाव में झारखण्ड पार्टी के जुलियस मुंडा विधायक चुने गये थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मरियम कुजूर को हराया था। इसके बाद 1962, 1972 और 1977 में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार जीतकर विधायक बने थे। 1980 में कांग्रेस पार्टी के लियेंन्द्र तिड़ू विधायक बने। इस चुनाव में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार सुशीला केरकेट्टा को हराया था। इसके बाद झारखंड





पार्टी के अध्यक्ष और तोरपा क्षेत्र में मारंग गोमंके के नाम से प्रसिद्ध एनई होरो वर्ष 2000 तक इस सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ते और जीतते रहे। 1977 में एनई होरो यहां से चुनाव जीतकर तत्कालीन बिहार सरकार में मंत्री भी बने। उन्होंने योजना, जनसम्पर्क व शिक्षा मंत्री की जिम्मेवारी निभायी थी। 1980 में कांग्रेस के लियेंदर तिड़ू से एनई होरो परास्त हो गये। लियेंदर तिड़ू बिहार विधानसभा में राज्य सरकार के लघु सिंचाई विभाग के मंत्री बने थे। इसके बाद 1985 1990 और 1995 के चुनाव में एनई होरो यहां से लगातार विजयी हुए। पर्ष 2000 के चुनाव में भाजपा के कोचे मुंडा ने उन्हें शिकस्त दी। इसके बाद 2005 में भी भाजपा के कोचे मुंडा से एनई होरो एक बार फिर परास्त हो गये। 2009 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पौलुस सुरीन ने भाजपा के कोचे मुंडा को हराया। उन्होंने यह चुनाव जेल में रहते हुए लड़ा था। पौलुस सुरीन ने इस सीट पर जेल में रहते हुए चुनाव जितने का रिकार्ड बनाया था। इसके बाद 2014 के चुनाव में पौलुस सुरीन जेल से बाहर रहकर चुनाव लड़े थे और जीत हासिल की थी। इस चुनाव में उन्होंने भाजपा के कोचे मुंडा को महज 43 वोट से हराया था। **कब किसने किया तोरपा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व** 1957- जुलियस मुंडा (झारखंड पार्टी) 1962 - सामुएल मुंडा (झारखंड पार्टी), 1967-एस पाहन कांग्रेस, 1972 बिरसिंह मुंडा झारखंड पार्टी, 1977 एन ई होरो झारखंड पार्टी, 1980 लियेंन्द्र तिड़ू कांग्रेस, 1985 एनई होरो झारखंड पार्टी, 1990 एनई होरो झारखंड पार्टी, 1995 एनई होरो झारखण्ड पार्टी, 2000 कोचे मुंडा भाजपा, 2005 कोचे मुंडा भाजपा, 2009 पौलुस सुरीन झामुमो, 2014 पौलुस सुरीन झामुमो और 2019 कोचे मुंडा।

### हर क्षेत्र में विकास का काम हुआ : कोचे गुंडा

तोरपा के वर्तमान विधायक कोचे मुंडा कहते हैं कि विगत पांच वर्षों में हर क्षेत्र में विकास का काम तेजी से हुआ। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की सड़कों को चकाचक बनाने का काम किया। शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कराया। वर्षो से लंबित पुल निर्माण का काम शुरू कराया गया है.।. उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में स्वस्थ्य के क्षेत्र में भी काम हुआ है। प्रत्येक प्रखंड में अस्पताल का नया भवन बनाया जा रहा है। आज कोई ऐसा गांव नहीं है, जहां जाने के लिए सड़क न हो। उन्होंने कहा कि उनकी अनुशंसा पर तोरपा-जरियागगढ़ रोड और फड़िंगा पुलि के निर्माण को स्वीकृति मिल गयी है।

### जितना काम होना चाहिए ,नहीं हुआ: सुदीप गुड़िया

2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे और इस चुनाव में झामुमो के उम्मीदवार सुदीप गुड़िया ने कहा कि विगत पांच वर्षों में विकास के मामले में तोरपा विधानसभा क्षेत्र पिछड़ गया। सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में विधायक विफल रहे। क्षेत्र में कई तरह की समस्याएं हैं, लेकिन विधायक इन समस्या के प्रति उदासीन रहे।

# राजा पीटर के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जदयू का दामन थामा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू ।** बुंडू आइबी के निकट जदयू कार्यालय में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बुंडू युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संदीप लोहरा के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने जदयू प्रत्याशी राजा पीटर पर आस्था रखते हुए जदयू का दामन थाम लिया। इस अवसर पर बुंडू नगर पंचायत के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश उरांव ने कहा वर्तमान विधायक बालू लूटना ठेकेदारी प्रथा को बढ़ाया और पीटर को एक साजिश के तहत जेल भिजवाया। नगर पंचायत में लगभग 40 करोड़ रुपये का काम हुआ जिसमें वर्तमान विधायक ने उन्हें काम काज करने में काफी परेशान किया। जनता को दिगभ्रमित करने के लिए अभी शिलान्यास किया। वहीं बिरसा विकास समिति के तमाड़ विधानसभा प्रभारी रोशन महतो ने कहा कि राजा पीटर के कार्यकाल में बहुत तरह का काम हुआ। लेकिन वर्तमान विधायक ने दस साल से ठीक से कार्य नहीं किया। इसलिए इस बार रोटी को पलट दें। पूर्व जिला परिषद सदस्य बंटी मुंडा ने कहा कि वर्तमान विधायक के दस साल के कार्यकाल में 50 साल पीछे चले गये हैं। बुंडू में चुतरू में पुल हुरली बांध का नहर वर्षों से खराब है। राइसा डैम टूट गया है। लेकिन उन्हे बार बार कहने के बावजूद कोई पहल नहीं किया। बालु से अवैध रॉयल्टी लिया। इस अवसर पर प्रत्याशी राजा पीटर ने कहा हर खेत में पानी देकर हर किसान को हम आत्मनिर्भर कर देंगे। इस अवसर पर रोशन महतो, बंटी मुंडा, संतोष जायसवाल, अशोक प्रमाणिक, राणा पाल, बंटी गुप्ता, धनंजय स्वांसी, शहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। राजा पीटर ने जदयू का दामन थामने वाले लोगों को स्वागत किया।

# प्रथम मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रपत्र 17 सी, पीठासीन डायरी, मॉक पोल रिपोर्ट समेत अन्य सभी प्रक्रियाओं की दी गयी जानकारी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** विधानसभा निर्वाचन को लेकर लॉयला इंटर कॉलेज एवं बिरसा कॉलेज खूंटी में शुक्रवार को प्रशिक्षण कोषांग द्वारा प्रथम मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान कर्मियों को मतदान से संबंधित सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। इसके तहत प्रपत्र 17 सी, पीठासीन डायरी, मॉक पोल रिपोर्ट समेत अन्य सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गयी। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रजेंटेशन दिखाकर सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी गयी। इसके अलावा इवीएम से संबंधित विशेष जानकारी देते हुए इवीएम संचालन एवं सीलिंग के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईएलएमएस के माध्यम से ऑनलाइन टेस्ट भी लिया गया। परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग अनुराधा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। कोषांग के मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार ओझा, विष्णु नंद तिवारी, श्रवण बारला, भरत राम के निर्देशन पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

# खूंटी विधानसभा सीट से 11 और तोरपा से 13 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में होनेवाली खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट के लिए नामांकन कर प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त हो गयी। अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित खूंटी विधानसभा सीट से कुल 11 दलीय और निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि तोरपा सीट से 13 प्रत्याशियों ने नामजदगी के पर्चे दाखिल किये। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन शुक्रवार को



खूंटी सीट से इंडी गठबंधन की ओर से झामुमो प्रत्याशी राम सूर्य मुंडा, जेएलकेएम प्रत्याशी बी अनिल कुमार, बीएसपी प्रत्याशी चंपा हेरेंज के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विश्वकर्मा उरांव और आलोक रितेश डुंगडुंग ने अपना पर्चा दाखिल किया। इनके अलावा पूर्व में पर्चा दाखिल करने वाले भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा, निर्दलीय मसीह चरण मुंडा और निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गावती ओड़ेया ने भी आज अन्य सेटों में अपना पर्चा दाखिल किया। दूसरी ओर तोरपा विधानसभा सीट के लिए अंतिम दिन झारखंड पार्टी के प्रत्याशी के रूप में कुलन पतरस आईंद, जेएलकेएम प्रत्याशी विल्सन भेंगरा, बीएसपी प्रत्याशी सावित्री देवी, एपीआई प्रत्याशी सामड़ोम गुड़िया और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रविंद्र बड़ाईक, ब्रजेंद्र हेमरोम, अनिता सुरीन, विनोद कुमार बड़ाईक और पुनीत हेमरोम ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इनके अलावा पूर्व में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने वाले भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा, झामुमो प्रत्याशी संदीप गुड़िया, अबुआ झारखंड पार्टी के प्रत्याशी रिलन एमन होरो और निर्दलीय प्रत्याशी शिवराज बड़ाईक ने भी आज अन्य सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया।

# एक वर्ष से लापता राय पंचायत की नाबालिग लखनऊ में मिली

## डालसा के मुन्नू शर्मा के माध्यम से घर की पहचान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के राय स्थित आदिवासी मुहल्ले की रहने वाली 12 वर्षीय नाबालिक सीता (काल्पनिक नाम) लखनऊ के राजकीय बालिका गृह में पाई गयी है। खलारी चाइल्ड प्रोटेक्शन डालसा रांची के प्रतिनिधि मुन्नु शर्मा से लखनऊ राजकीय बालिका गृह की अधीक्षक ने सम्पर्क कर उन्हें झारखंड की एक बच्ची के बाल गृह में होनी की जानकारी दी जहां पता चला कि दिसम्बर 2023 में यह बच्ची नगर कोतवाली अयोध्या को भटकती हुई मिली थी। जिसे अयोध्या जनपद पुलिस के द्वारा बाल कल्याण समिति अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत कर बालिका गृह में संरक्षित कराया गया था। वहां से बच्ची को वर्ष 2024 में लखनऊ के राजकीय बालिका गृह में स्थानांतरित कर दिया गया। मुन्नू शर्मा के पास सूचना मिलने के बाद उन्होंने बच्ची से बात कर काउंसलिंग किया। इस दौरान बच्ची ने खलारी चुरी और राय दरहाटांड स्कूल जाने की बात बताई। बच्ची से बातचीत के बाद मुन्नु शर्मा ने बच्ची के पिता दीपक उरांव से बात कर पुरी घटना क्रम की जानकारी ली बच्ची के पिता ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व वह बच्ची को लेकर ईंट भट्ठे में काम करने के लिए अयोध्या गया था। वहां से उसकी बेटी गायब हो गई थी उसके बाद से उसका कुछ भी पता नही चल सका था। इस संबंध में खलारी पुलिस को कोई सूचना नही दी गयी थी। फिलहाल दीपक उरांव चुरी के मानाटांड़ में झोपडी में रहता है। इधर बच्ची के संदर्भ में मुन्नू शर्मा ने रांची जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचना देकर लखनऊ बालिका गृह को घर सत्यापन की जानकारी दे दी है।

वहीं मुन्नू शर्मा ने बताया कि बच्ची के सर्वोत्तम हित लाभ को देखते हुए कार्य किया जायेगा।

# जेकेएलएम मायापुर पंचायत की महिला कमेटी का गठन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मैकलुस्कीगंज।** झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी का मायापुर पंचायत मे महिला मोर्चा का कमिटी गठित की गयी। जिसमे महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता कुजूर, सचिव नीतू देवी उपसचिव द्रोपती मेडिस, कोषाध्यक्ष रुकसाना खातून, संरक्षक जुबेदा खातून, सरिता देवी को मनोनोत किया गया। वहीं काफी संख्या मे महिलाओं ने जेकेएलएम में शामिल हुए। शामिल होने वाले लोगों में परवेज आलम, नानकु महतो, राजकुमार पाहन, रोहित मुंडा, प्रेम कुमार मुंडा, अवधेश यादव, गोविंद पाहन, बंसी मुंडा, शबनम खातून, नसीबन खातून, लैला खातून, जबिदा खातून, सानिया परवीन, तारा खातून, काजल कुमारी काफी संख्या में लोग सदस्यता लिए। सभी शामिल लोगों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा आध्यक्ष मुन्ना गंझू, रांची जिला कार्यकारणी संघठन मंत्री रतिया गंझू, महिला मोर्चा उपसचिव निशा देवी, खलारी प्रखंड अध्यक्ष पूर्वी तौहीद अंसारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष लखन कुमार महतो, नामराज मुंडा उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में गणित विज्ञान मेला, मॉडलों को सराहा गया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में शुक्रवार को गणित सह विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। गणित सह विज्ञान मेला का आयोजन मुख्य अतिथि रोहिणी परियोजना पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद एवं खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चैधरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इससे पुर्व सरस्वती माता, ओम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन अतिथियों के द्वारा किया गया। वहीं सरस्वती वंदना के बाद गणित सह विज्ञान मेला में बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों का अतिथियों के द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही छठ पूजा को लेकर प्रस्तुत की गयी झांकी को भी देखा। इस दौरान अतिथि रोहिणी परियोजना के पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चैधरी, जिप सदस्य सरस्वती देवी, प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, संकुल संयोजक अवधेश सिंह, संकुल प्रमुख गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा, जिला समरसता प्रमुख उदय सिंह, खंड कार्यवाहक भोला चैहान, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति की उपाध्यक्ष महेंद्र यादव आदि ने अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार को प्रोत्साहित किया। वही गणित-विज्ञान मेला के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की भूमिका पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।


# घर-घर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप उपलब्ध करायें बीएलओ : डीसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रखंडों में बीएलओ के साथ बैठक कर क्षेत्र के मतदाताओं को वोटर इनफॉरमेशन स्लिप उपलब्ध कराने और मतदातओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। बीएलओ को डोर टू डोर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप मतदाताओं को उपलब्ध कराने को कहा गया। कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे और क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो, इस उद्देश्य से सभी बीएलओ को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र के मतदाताओं को 13 नवंबर को खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर प्रेरित कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को कहा गया।

# पिपरवार में सीआइएसएफ फायरिंग रेंज का उद्घाटन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया में बनाये गये सीआईएसएफ के फायरिंग रेंज का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआइएसएफ की आईजी शांति जी जयदेव ने फायरिंग रेंज का उद्घाटन किया। जानकारी के मुताबिक सीआईएसएफ आईजी शांति जी जयदेव के आगमन पर जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस सहित अन्य अधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने शिला पट्ट से पर्दा हटाकर फायरिंग रेंज का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पिपरवार में सीआईएसएफ के फायरिंग रेंज का उद्घाटन होने के बाद यहां के अधिकारियों एवं जवानों को प्रशिक्षण के लिए लाभ मिलेगा। इस दौरान सीआईएसएफ आईजी ने स्थानीय सीआईएसएफ एवं सीसीएल प्रबंधन के अधिकारियों से मुलाकात कर कई बातों की जानकारी ली और जवानों की समस्या से भी अवगत हुई। वहीं उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस, डिप्टी कमांडेड, आईआरबी थ्री के डीएसपी अजय कुमार केशरी, अशोका पीओ जेके सिंह,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो, सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार, संतोष नेगी, सुमन तिवारी,धर्मराज सिंह सहित काफी संख्या में सीआईएसएफ के पदाधिकारी जवान एवं सीसीएल के अधिकारी मौजूद थे।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, बच्चों ने एक से बढ़ कर एक मॉडलों का किया प्रदर्शन

# कल्पनाशीलता, निर्णय लेने की क्षमता एवं उनके समग्र विकास में सहायक होता है : जोशी टीडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉन बॉस्को अकेडमी, मैक्लुस्कीगंज के प्राचार्य जोशी टीडी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य जोशी टी डी, आदर्श विद्यालय खलारी के प्राचार्य फादर ऑस्कर टोप्पो एवं उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी की प्राचार्या सिस्टर जयन्ती के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद प्राचार्या सिस्टर जयंती ने मुख्य अतिथि प्राचार्य जोशी टी डी को शॉल ओढ़ाकर तथा बुके प्रदान कर उनका सम्मानित किया। इसके बाद एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम



का आयोजन किया गया जिसमें नन्ही बच्चियों द्वारा स्वागत गान गाया गया। वहीं कक्षा आठ, नौ और दस की छात्राओं द्वारा एक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा तकनीक के क्रमिक विकास विषय पर एक नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्य जोशी टी डी अपने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने का कार्य करता है साथ ही उनकी प्रतिभा, कल्पनाशीलता, निर्णय लेने की क्षमता तथा बच्चों के समग्र विकास में सहायक होता है। स्वागत कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि ने फीता काटकर विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडलों जिनमें आरक्षित प्रबंधन प्रणाली, पवन चक्की के द्वारा बिजली तैयार करना, हाइड्रोलिक एंबुलेंस, भूकंप रोधी, सौर ऊर्जा चलित कार, हाइड्रोलिक वाहन, प्रकाश निष्ठा (लाइट फिडेलिटी) और ट्रैफिक टरबाइन आदि मॉडलों को देखा तथा इनकी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि के साथ आदर्श विद्यालय के फादर ऑस्कर टोप्पो ने भी सभी मॉडलों को देखकर बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की तथा उनका उत्साह बढ़ाया। आयोजित प्रदर्शनी में कक्षा केजी से कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने भी अलग-अलग विषयों पर भी अनेक मॉडलों को प्रदर्शित किया। वहीं आए हुए माता-पिता एव अभिभावक भी बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों को देखकर अभिभूत हुए एवं काफी सराहना की। इस विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मंडली की भूमिका विद्यालय के शिक्षक शशि चैधरी और सविता नंदन सिंह ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सिस्टर जयंती ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, आए हुए सभी माता-पिता एवं अभिभावकों को हार्दिक धन्यवाद दिया तथा कहा कि अपने बच्चों में कुछ नया करने के प्रति जिज्ञासा पैदा करें तथा उनका मार्गदर्शन करें। विद्यालय विद्यार्थियों को अलग अलग कार्यक्रमों के जरिए वो मंच प्रदान करने की चेष्टा करते हैं जिसमें उनका समग्र विकास हो जो भविष्य में उनके लिए सहायक होता है। अतः एक सकारात्मक सोच के साथ अपने बच्चों के विकास में विद्यालय के साथ मिलकर काम करें। पुरे कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन मिस आरती प्रसाद के साथ विज्ञान कमिटी के विद्यार्थी सुहाना सैफी, प्रकाश कुमार, वी. सूर्या और महप्रीत कौर ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश कुमार सिंह, अंबुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, विशाल शर्मा, विकास मिश्रा, जॉन डुंगडुंग, किशोर लकड़ा, आरती तिर्की, अल्बीना टोप्पो, रोजालिया टोप्पो, अनिमा कांसीर, अलका राही, कलबिन्दर कौर, रीता टोप्पो, रोजी मगदली टोप्पो सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# खिजरी से निर्दलीय प्रत्याशी जगन उरांव ने किया नामांकन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र से शुक्रवार को जगन उरांव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामांकन दाखिल किया। उन्होंने कहा कि इस बार खिजरी विधानसभा में परिवर्तन की लहर चल रही है। इस बार जनता ने खुद प्रत्याशी चुनकर चुनाव मैदान में उतारा है। निश्चित रूप से जीत उनकी होगी। नामांकन जुलूस में कांग्रेस नेता मुमताज खान सहित अन्य शामिल हुए।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

# पहले मतदान, फिर जलपान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से गांव के विभिन्न टोलों में बच्चों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा पकड़े गये तख्तियों पर कई स्लोगन और नारे लिखे हुए थे। वहीं बच्चों की जुबान पर मतदाताओं को जगाने के लिए पहले मतदान, फिर जलपान, देश तरक्की तभी करेगी- जब हर वोटर जब वोट करेगा, शौक नहीं ना मजबूरी है- मतदान बहुत जरूरी है आदि नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इधर, प्रखंड मुख्यालय में बीएलओ की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं से मतदानकरने की अपील की गई। बीएलओ द्वारा प्रखंड प्रांगण में बनाए गए रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान की अपील की गई। दूसरी ओर, बीडीओ राहुल उरांव ने बताया कि 28 एवं 29 अक्टूबर को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत चित्रकला, रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होगी जिसके लिए बच्चे अभी से तैयारी कर रहे हैं।



रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करते छात्र-छात्राएं।

# उमेश बड़ाइक खिजरी से लड़ेंगे चुनाव, नामांकन 28 अक्टूबर को

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश कुमार बड़ाईक ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। सोमवार को उमेश बड़ाईक अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रांची समाहरणालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगें। उन्होंने शुक्रवार को आजाद सिपाही से बात करते हुए बताया कि वह वर्षों से भाजपा में रहकर समाज की सेवा करते रहे है। क्षेत्र की जनता की चाहत है कि उमेश चुनाव लड़े।

उन्होंने कहा कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र में ईईएफ फैक्ट्री, मेगा फूड पार्क, गेतलसूद के विस्थापितों और एफसीआई गोदाम के मुद्दे पर मुखरता से आंदोलन करते आए है। हमने बहुत ही करीब से गरीबी को देखा और झेला है। इसलिए उन्हें गरीब मजलूमों के दुख दर्द के बारे में बखूबी पता है। आज अपनी लगन और मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचा और नेताओं का पूरा सहयोग किया हूं। लेकिन उनके साथ सिर्फ छलावा ही हुआ है। कुछ लोगों के कारण उन्हें विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। यही कारण है कि उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# उत्पाद विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, शराब की बड़ी खेप जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** उत्पाद विभाग व ठाकुरगांव पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उरूगुट्ठू गांव निवासी अशोक साहू की दुकान से एक पिकअप अवैध शराब जब्त किया। हालांकि पुलिस को देखकर तस्कर का पूरा परिवार भाग गया। जानकारी के अनुसार शराब तस्कर अशोक साहू कई जिलों में भी अवैध शराब की आपूर्ति करता है। गौरतलब हो कि इससे पहले भी कई बार आरोपी इस अवैध कारोबार में पकड़ा जा चुका है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी गुप्त जगह पर अवैध शराब बनाता भी है। थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध आगे भी करवाई जारी रहेगी।

# 'जो दे दारू और रुपया उससे ना देना वोट'

## लापुंग में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय के निर्देश पर चलाया गया। इसमें लापुंग प्रखंड के लोगों को जागरूक किया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग से प्रखंड कार्यालय व सापुकेरा बाजार टाड तक रैली में शामिल विद्यार्थियों ने भ्रमण किया और वहां से पुनः विद्यालय पहुंचे। रैली में छात्र-छात्राओं के अलावे एनसीसी के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। उन्होंने नारा लगाया कि पहले मतदान फिर जलपान, जो दे दारू पैसा मत दे उसको वोट। इस मौके पर धनंजय कुमार पंकज, रेणु कुशवाहा, अनीश जुगनू व जलधार नायक आदि उपस्थित थे।

# दिवा शंकर पासवान ने दाखिल किया नामांकन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** हटिया विधानसभा क्षेत्र से पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया ने शंकर पासवान को प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी ने 61 सीटों पर अपने उम्मीदवार को टिकट दिया था। शुक्रवार को हटिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय संविधान को हाथों में रखकर प्रत्याशी दिवा पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों समर्थक व कार्यकर्ता नजर आए। लंबे संघर्ष और पार्टी के प्रति समर्पण के कारण ही दिवा को विधानसभा चुनाव में पीपल्स पॉर्टी से प्रत्याशी बनाया है। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि हटिया विधानसभा का विकास और रोजगार के अवसर पैदा करना मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने काह कि पार्टी का पहला और अंतिम लक्ष्य भारतीय संविधान पूर्ण रुप से लागू करना कहा है। मौके पर मूल निवासी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार रवि, रांची जिला अध्यक्ष राजन नायक, संजय महली, गौतम राम, रमेश प्रसाद, विष्णु महतो आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री तक पहुंची कसमार पुलिस की शिथिलता

## चार महीना बाद भी नहीं सुलझी मिथिलेश हत्याकांड की गुत्थी

**न्याय की आस में बूढ़े पिता सहित सभी परिजनों की आंखें पथराईं, मदद की लगायी गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार।** कसमार पुलिस इन दिनों सुर्खियों में है। एक एएसआई की द्वारा कथित तौर पर खुद को थाना प्रभारी बताकर क्षेत्र के एक पत्रकार और उनके परिजनों के साथ बदसलूकी का मामला जहां सुलगा हुआ है। वहीं दूसरी ओर कसमार थाने की लापरवाही और शिथिलता की कहानी मुख्यमंत्री तक पहुंच चुकी है। कसमार प्रखंड के मंजूरा ग्राम निवासी मिथिलेश कुमार महतो (23) की हत्या की गुत्थी वारदात के चार महीने बीत जाने के बाद भी नहीं सुलझ सकी है। मिथिलेश के वृद्ध पिता धीरेंद्र नाथ महतो सहित परिवार के अन्य परिजनों की आंखें न्याय की आस में अब पथरा सी गई हैं। बतातें चलें कि विगत 25 जून को परिजनों ने मिथिलेश महतो की हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाया था। मृतक के पिता धीरेंद्र नाथ ने इस संबंध में दर्ज कसमार थाना में दर्ज कांड संख्या - 58/2024 में धीमी जांच प्रक्रिया को रफ्तार देने एवं न्याय दिलाने को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री को दिए अपने पत्र में धीरेन्द्र का कहना है कि उनके बेटे की हत्या की गई। सभी जमीनी परिस्थितियां भी हत्या की ओर ही इशारा कर रही है। इसके बावजूद पुलिस अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। जिस कारण हत्या के आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं और अप्रत्यक्ष रूप से परिजनों को भयभीत करने का प्रयास कर रहे हैं।

### सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला था शव

मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र के अनुसार, विगत 25 जून को धीरेन्द्र नाथ के इकलौते पुत्र मिथिलेश का लहूलुहान शव संदिग्ध परिस्थितियों में कसमार फार्मटांड़ के सामने रात 12 बजे



सड़क किनारे पड़ा मिला था। वहीं, कुछ दूरी पर उसकी बाइक भी गिरी पड़ी थी। उसके चेहरे पर किसी सख्त और भोथड़ वस्तु से वार किए जाने और गहरे चोट के साथ ही गला दबाए जाने का निशान भी मिला था। मृतक के पिता का दावा है कि उनके बेटे की किसी ने षड्यंत्र के तहत हत्या कर दी। गला दबाकर, चाकू या अन्य वस्तु से हमला कर उसकी हत्या की कर शव फेंक दिया गया। मिथिलेश घटना के दिन सुबह 8 बजे सइयाडीह जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा तो काफी खोजबीन करने पर कसमार फार्मटांड़ के सामने मृत अवस्था में मिला। खोजबीन के दौरान ही पता चला कि उस दिन मिथिलेश को गर्री ग्राम निवासी सीताराम प्रजापति के पुत्र सुमित कुमार प्रजापति के साथ देखा गया था। उन्हें पूरी आशंका है कि उनके बेटे मिथिलेश की हत्या सुमित कुमार प्रजापति ने ही अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कर दी। कुछ लोगों से उन्हें यह भी पता चला कि सुमित ने प्रेम-प्रसंग में एक लड़की के कारण उनके बेटे को मार डाला।

### हादसे का रूप देने की हो रही कोशिश

मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र के अनुसार इस संबंध में उनके द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद भी स्थानीय थाने से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्हें आशंका है कि संदिग्ध हत्यारों के प्रभाव में आकर जैसे-तैसे इस घटना को सड़क दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। थाने के सक्षम पदाधिकारी से उनलोगों ने इस संबंध में कई बार मदद की गुहार लगाई पर जांच में अनावश्यक रूप से विलंब किया जा रहा है। साथ ही आरोपी को अबतक पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ करने की भी जरूरत नहीं समझी गई।

### बाइक की डिक्की से गायब मिले थे औजार

**मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया गया है कि घटनास्थल पर मिथिलेश के शव के साथ एवं आसपास जो परिस्थितियां पाई गईं। उनसे स्पष्ट प्रतीत हो रहा कि मामला कहीं से भी सड़क दुर्घटना का नहीं है। जैसे शव से एक किलोमीटर की दूरी पर श्मशान घाट के समीप उसका अंतिम लोकेशन मिला था और मोबाइल का कोई अतापता नहीं चला। मिथिलेश पेशे से एक मिस्त्री था। गाड़ी की डिक्की में हमेशा पलास, हथौड़ी, छेनी आदि औजार रखता था। लेकिन घटनास्थल पर बाइक की डिक्की में वे सामान नहीं मिले। उसकी एक सैंडिल शव से 20 फीट और दूसरी 25 फीट दूर मिली। कथित सड़क हादसे में जिस पोल से टकराकर गिरने का दावा किया जा रहा है, उसका शव वहां न होकर उससे 4 फीट दूर और बाईं की बजाय दाहिनी ओर मिला था। उस पोल और शव के बीच कहीं भी खून का एक बूंद नहीं देखा गया। सिर, गला और चेहरे के अलावा पूरे शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले। गर्दन पर काला निशान मिला। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी चेहरे पर सख्त और भोथड़ वस्तु से चोट लगने के कारण कई टूटे होने की बात लिखी है। आवेदक का दावा है कि ऐसे कई अहम बिंदु हैं, जो पूरी तरह उनके बेटे की हत्या की ओर संकेत करते हैं। लेकिन, स्थानीय थाना द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं करने के कारण वे न्याय से वंचित हैं और आरोपी खुलेआम तरह-तरह की बातें कहते हुए घूम रहा है।**

# मांडर की जनता इस बार बाप-बेटी को विदाई देने का मन बना चुकी है: शिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को मांडर विधानसभा सीट पर आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने भी नामांकन किया। इसके बाद शिव उरांव ने कहा कि मांडर की जनता इसबार बाप-बेटी को विदाई देने का मन बना चुकी है। मांडर किसी की जागीर नहीं है कि उसके ही खानदान के लोग राज करें। लोकतंत्र में जनता मालिक है और जनता ने तय कर लिया है, इसबार मांडर से मांडर का बेटा राज्य के सबसे बड़े पंचायत में चुन कर जायेगा। इस दौरान शिव उरांव के साथ काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे। वहीं मांडर विधानसभा से पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने भी नामांकन किया है। इसके बाद उन्होंने कहा कि मांडर में इसबार शिक्षा और रोजगार पर मतदान होगा। क्षेत्र की दुर्दशा को देखकर एक विकल्प के रूप में जनता के बीच आये है। आगे जनता जनार्दन मालिक है। मांडर विधानसभा से अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन किया इसमें सुखमणि तिग्गा, कांता खलखो, रेखा देवी, राम लखन महली, विनोदित तिग्गा और ज्योति उरांव शामिल है।

# डुरू सीएनआइ चर्च का हुआ जीर्णोद्धार, उद्घाटन कल




आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के डुरु में साल 1913 में बने ब्रिटिश मिशनरी लोंग्स्डेल द्वारा निर्मित सीएनआई चर्च डुरु के पुराने भवन को तोड़कर जीर्णोद्धार किया गया। नए चर्च का नाम पुनरूत्थान उपासनालय रखा गया है, जिसका 27 अक्टूबर को उद्घाटन होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर छोटानागपुर डायसिस के विशप बीबी बास्के नए भवन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। नए चर्च के उद्घाटन की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पल्ली पुरोहित रेव्ह संजय तिग्गा के नेतृत्व में तैयारियां की जा रही है। इसकी जानकारी डुरु गांव के यूथ कमेटी के सभापति प्यारा खलखो एवं प्रचारक हाबिल खलखो ने संयुक्त रूप से दिया है।

## पुलिस-एसएसबी बल ने मैकलुस्कीगंज एवं नकटा पहाड़ में चलाया छापेमारी अभियान

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चैधरी के नेतृत्व में पुलिस एवं एसएसबी बल के जवानों ने अगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर क्षेत्र में संघन छापेमारी अभियान चलाया। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र हरहु बसरिया, दुल्ली, जोभीया, धमधमिया, लरबेधवा एवं चान्हो थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित नकटा पहाड़ पर पुलिस बल के जवानों ने संघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें बिना किसी दबाव के अपने अपने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करने की अपील किया। साथ ही पीएलएफआई उग्रवादी संगठन कमांडर कृष्णा यादव एवं उसके दस्ते के सदस्यों के छिपने के होने की गुप्त सूचना के आधार पर उनके संभावित ठिकानों पर छापामारी एवं सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसआई अजीत कुमार वर्मा, एसआई दीपक कुमार, झारखंड जगुआर व एसएसबी के जवान शामिल थे।

## डीएवी स्कूल में लाइफ स्किल पर कार्यशाला का आयोजन

# बच्चों में एकाग्रता की कमी है : प्रधानाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को लाइफ स्किल और सॉफ्ट स्किल पर कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें विवा एजुकेशन के अंकित कुमार और लक्ष्मीकांत प्रामाणिक द्वारा कक्षा नवीं के बच्चों को अपने जीवन में अवरोधों को पार कर कैसे जीवन में सफलता पाया जाए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सबसे पहले अपने मन को स्थिर कर फोकस को बढ़ाने के लिए मेडिटेशन और व्यायाम करना सिखाया। पहले बच्चों को अपनी कमियों की पहचान करना और इसे स्वीकार करना होगा तब ही इन कमियों को दूर किया जा सकता है। जीवन में क्या करना है इसके लिए सबसे पहले अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित करना है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक समय निर्धारित कर उसके अनुसार तैयारी करना होगा। यदि अपने लक्ष्य को पांच वर्षों में प्राप्त करना है तो पहले उसे एक-एक वर्ष का प्लान बनाना है और उसे तीन-तीन महीने में बांटकर तैयारी में लग जाना होगा और प्रति तीन महीने में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्या किया उसका आकलन भी करना होगा। बच्चों को अपने अंदर छिपे स्वार्थ के भाव को हटाकर परोपकार की भावना को विकसित करना होगा। साथ ही दूसरों में यदि कोई गुण है तो उसे सीखने का प्रयास करें। सफलता पानी है तो मोबाइल से दूरी बनाकर किताबों से नाता जोड़ना होगा। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार ने कहा कि आज कल के बच्चों में एकाग्रता की कमी है और फोकस भी बहुत कम है। इस कार्यशाला से बच्चे बहुत उत्साहित हुए और अपनी कमियों को दूर कर लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए उनमें एक ललक जगी है। उन्होंने विवा एजुकेशन के अंकित कुमार और लक्ष्मीकांत प्रामाणिक को धन्यवाद दिया कि वे उनके बच्चों के लिए महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित किया इससे बच्चे लाभान्वित होंगे।



लाइफ स्किल और सॉफ्ट स्किल पर आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को अहम सुझाव देते गणमान्य लोग।

# प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के खलारी सीमेंट कारखाना के निकट जाकिर अंसारी नाम के एक व्यक्ति को प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ लिया गया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे खलारी बाजारटांड़ आजाद नगर निवासी जाकिर अंसारी (40वर्ष) स्कूटी संख्या जेएच 01 सीजे 6698 से करीब 15 किलो प्रतिबंधित गौ मांस बेचने के लिए ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लोहरदगा जिले के कुडू थाना अंतर्गत लापुर निवासी सद्दाम कुरैशी से यह मांस लेकर आ रहा है। खलारी थाना में संबंधित धाराओं में जाकिर अंसारी व सद्दाम कुरैशी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। वहीं प्राथमिकी अभियुक्त जाकिर अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in
10

# सड़क दुर्घटना में घायल ब्रह्मदेव प्रसाद व उनकी पत्नी रजनी ने किया नामांकन

## मुझे आप सभी के आशीर्वाद और समर्थन की जरूरत है : ब्रह्मदेव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर-मंझिआंव विधानसभा क्षेत्र से चुनावी रण में कूदे सड़क दुर्घटना में घायल ब्रह्मदेव प्रसाद ने शुक्रवार को व्हीलचेयर पर बैठकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ उनकी पत्नी रजनी देवी ने भी नामांकन दाखिल किया। हाल ही में हुए सड़क हादसे में ब्रह्मदेव प्रसाद को गंभीर चोटें आईं थी, जिससे उनका स्वास्थ्य अभी भी नाजुक है। इसके बावजूद अपने क्षेत्र के प्रति उनकी सेवा भावना में कोई कमी नहीं आई। दुर्घटना के बाद भी जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने नामांकन के लिए जाने का फैसला किया। उनके साथ उनकी पत्नी रजनी देवी ने भी जनता की सेवा के अपने संकल्प के तहत अलग से नामांकन दाखिल किया। इस तरह, दोनों ने व्यक्तिगत तौर पर क्षेत्र के विकास और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रकट किया है। इस अवसर पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने



पत्नी सहित नामांकन दाखिल करने पहुंटे ब्रह्मदेव प्रसाद।

भावुक होकर कहा कि मेरे स्वास्थ्य की तकलीफों से ज्यादा मेरे लिए जनता का विश्वास और उनके प्रति मेरी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। मुझे आप सभी के आशीर्वाद और समर्थन की आवश्यकता है, ताकि इस चुनौतीपूर्ण समय में आगे बढ़ सकूं। उनके साहसिक कदम ने क्षेत्र के लोगों को गहराई से प्रभावित किया। उधर, नामांकन दाखिल करने के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ के बीच ब्रह्मदेव प्रसाद और रजनी देवी का यह संयुक्त प्रयास लोगों के दिलों को छू गया। रजनी देवी ने अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होकर सेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हम दोनों ने यह कदम जनता की सेवा के लिए उठाया है। यह सिर्फ चुनाव का हिस्सा नहीं है, बल्कि क्षेत्र की जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।

### पलामू जिले की सभी विस सीटों में नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्यासियों की सूची

**पांकी विधानसभा**
1. ओंकार नाथ
2. नितेश कुमार
3. सुमित कुमार यादव
4. लाल सुरज
5. देवेंद्र सिंह
6. बिनोद कुमार

**डालटनगंज विधानसभा**
1. ओम प्रकाश गुप्ता
2. कृष्णा नन्द त्रिपाठी
3. पंकज राम
4. श्रीराम सिंह
5. मुकेश कुमार प्रजापति
6. अनिकेत
7. अभय कुमार सिंह
8. अयुब अंसारी
9. इन्दु देवी

**विश्रामपुर विधानसभा**
1. राजेश मेहता
2. सुधीर कुमार
3. अजय दुबे
4. रजनी देवी
5. ब्रह्मदेव प्रसाद
6. अमित कुमार देव
7. लक्ष्मण सिंह
8. नन्ददेव यादव

**छतरपुर विधानसभा**
1. चंद्रमा कुमारी
2. संदीप कुमार
3. अनिल मांझी
4. प्रीति राज
5. चंचला देवी
6. राधाकृष्णन किशोर
7. राजेश रौशन
8. अवधेश राम
9. ममता भुईयां
10. कन्हाई राम
11. विजय कुमार

**हुसैनाबद विधानसभा**
1. कमलेश कुमार सिंह
2. कमलेश कुमार यादव
3. राजेन्द्र यादव
4. ओमप्रकाश कुमार
5. अवधेश सिंह
6. उमा शंकर शर्मा
7. बबलू कुमार
8. कुशवाहा शिवपूजन मेहता
9. मुकेश चौधरी
10. प्रभा देवी
11. नरेश कुमार पासवान
12. अनिता देवी
13. मोस्लेहुद्दीन तौसीफ

# लोगों का समर्थन हमारे साथः डॉ लंबोदर महतो

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** डॉ लंबोदर महतो ने नामांकन करने के बाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मिलना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने शुक्रवार को बगदा पंचायत के लोगों से मुलाकात की। कहा कि आप सभी ने हमारे काम को देखा है?। हमें परखा है। हमारे व्यवहार से भी आप सब परिचित है। हमने जो विकास कार्य किया है, सामने है। ऐसे में हमें यह यकीन है कि आप सभी का समर्थन हमारे साथ है। आप सभी के समर्थन से पुनः हम गोमिया विधानसभा क्षेत्र का चौहमुखी विकास कर सकेंगे। उन्होंने मुलाकात के क्रम में लोगों से कहा कि आप सब वैसे लोगों से सावधान रहें जो भ्रमित करते हैं। अव्यवहारिक बातें करते हैं। ऐसे लोगों का विषय नकारात्मक रहता है। उन्होंने कहा कि हमने जो किया है वह आप सबके सामने है



और हमने बराबर संपर्क और संवाद बनाए रखा है। हर समय हमने अपने घर का दरवाजा आम जनों के लिए खोल रखा। भेंट मुलाकात के दौरान नीरज भट्टाचार्य, संजय कुमार सिंह, विक्रम सिंह, गोपाल सिंह, प्रकाश महतो, चांद मुख महतो, व जीवन जगन्नाथ सहित कई लोगों ने भी अपनी अपनी बातों को भी साझा किया।

## अवैध बोल्डर लदे तीन हाइवा वाहन जब्त

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने गुरुवार की देर शाम अवैध पत्थर बोल्डर लदे तीन हाइवा वाहन को जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर सरसोत नहर मोड़ पर वैध कागजात मांगने पर किसी भी गाड़ी चालक ने नहीं दिया। जिसके बाद पुलिस तीनों वाहनों को जब्त कर पत्थरा ओपी ले गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि तीन हाइवा वाहन पर अवैध पत्थर बोल्डर लाद कर ले जाया जा रहा है। जांच के दौरान किसी ने भी वैध कागजात नहीं दिखाया। तीनों वाहनों पर 27- 27 टन पत्थर वोल्डर लदे थे। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शिवाजी मैदान में आज से इलेक्शन स्पोर्ट्स फेस्ट

## खेल के जरिये लोगों से मतदान की अपील की जायेगी : डीसी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिले में स्वीप के तहत विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी क्रम में शनिवार को शहर के शिवाजी मैदान में इलेक्शन स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया गया है। जिसमें डालटनगंज या जिले के किसी भी विधानसभा का कोई मतदाता भाग ले सकता है। यह कार्यक्रम अपराह्न तीन बजे से शुरू होगा। इसमें क्रिकेट, पतंग उड़ाओ जैसी प्रतियोगिता, फुटबॉल, वॉली बॉल, बैडमिंटन, स्पून रेसिंग, तग ऑफ



वार, पेपर कप टावर मेकिंग, डार्ट गेम आदि आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में खुद या अपनी टीम के साथ हिस्सा ले सकता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न तरह के उपहार भी दिया जायेगा। दूसरी ओर, इस संबंध में डीसी शशि रंजन ने बताया कि स्पोर्ट्स फेस्ट के माध्यम से लोगों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की जायेगी। उन्होंने सभी से इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने स्तर से दूसरे लोगों से भी मतदान करने की अपील की। कहा कि खेल में हार-जीत होती है, लेकिन जब हम सभी लोग 13 नवंबर को मतदान करेंगे तो हमारा लोकतंत्र की अनिवार्य रूप से सिर्फ जीत ही होगी।

# भारत पहली पारी में 156 पर ऑलआउट

**पुणे (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम पुणे टेस्ट में मजबूत स्थिती में पहुंच गई है। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम ने 5 विकेट खोकर 198 रन बना लिए हैं। अब उसकी कुल बढ़त 301 रन की हो गई है। भारतीय टीम की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे।


दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम 86, विल यंग 23, डेरिल मिचेल 18, डेवोन कॉन्वे 17 और रचिन रवींद्र 9 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से अब तक वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट





लिए। रविचंद्रन अश्विन को 1 विकेट मिला। सुंदर ने पहली पारी में भी 7 विकेट लिए थे। टीम इंडिया ने 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन पर ऑलआउट हो गई है। शुक्रवार को टीम इंडिया ने 16/1 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए। भारतीय पारी में रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने 30-30 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने 7 विकेट झटके। ग्लेन फिलिप्स को 2 विकेट मिले। टिम साउदी के खाते में एक विकेट आया।

## स्पोर्ट्स



**वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच खेले गए मैच में गजब कारनामा देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाड़ी एक रन बनाने में अपने आठ विकेट गंवा बैठे।**

# एक रन पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के गिरे 8 विकेट

### 7 बल्लेबाज 0 पर आउट

**पर्थ (एजेंसी)।** अगर किसी टीम में 11 इंटरनेशनल खिलाड़ी हों और उसका तीसरा विकेट 52 रन पर गिरे और इसके बाद एक रन बनाने में उसके सभी 10 विकेट गिर जाए यह किसी को भी हैरान कर देगी। यह सब हुआ ऑस्ट्रेलिया में एक मैच में, जिसमें टीम में सभी 11 खिलाड़ी इंटरनेशनल मैच खेल चुके थे। इस मैच में जिस टीम का ये हाल हुआ उसके लिए जोश इंग्लिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट, डार्सी शॉट, जे. रिचर्डसन जैसे खिलाड़ी खेल रहे थे। दरअसल, यह मैच वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच खेला गया। मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए पारी का आगाज किया। आरोन हार्डी (7) और डार्सी शॉट



(22) ने पहले विकेट के लिए 11 रनों की साझेदारी की। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 33 रनों की साझेदारी कैमरून बैनक्रॉफ्ट और शॉर्ट के बीच 33 रनों की साझेदारी हुई। कैमरून ने 14 रन की पारी खेली। वह शॉर्ट के अलावा दहाई का आंकड़ा पार करने वाले टीम के दूसरे बल्लेबाज रहे। टीम का तीसरा विकेट 52 रनों के स्कोर पर कैमरून बैनक्रॉफ्ट के रूप में गिरा। इसके बाद तो लाइन लग गई। जो भी बल्लेबाज आया धड़ाधड़ अपना विकेट गिफ्ट करते हुए चला गया। जोश इंग्लिश ने एक रन बनाए। उनके अलावा कप्तान एश्टन टर्नर, कूपर कॉनॉली, हिल्टन कार्टराइट, एश्टन एगर, जे. रिचर्डसन, जोएल पेरिस और लांस मोरिस (नाबाद 0) खाता नहीं खोल सके। वहीं, तस्मानिया के लिए सबसे अधिक बीयू वेबस्टर ने 17 रन देकर 6 विकेट झटके, जबकि 3 विकेट बिली स्टेनलेक ने अपने नाम किए। एक विकेट टॉम रॉजर्स की झोली में गया। रोचक बात यह है कि एक रन बनाने में गिरे 8 विकेटों के दौरान कोई भी गेंदबाज हैट्रिक नहीं पूरी कर सका। तस्मानिया ने 55 रन बनाते हुए यह मैच अपने नाम किया। उसके लिए मिचेल ओवेन ने 29 रन की पारी खेली, जबकि मैथ्यू वेड ने नाबाद 21 रन बनाए। लक्ष्य तक पहुंचने में तस्मानिया के भी 3 विकेट गिर गए थे। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के डोमेस्टिक ढांचे का सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक वनडे कप के तहत खेला गया।

# विश्व चैंपियनशिप से हटने के फैसले से प्रभावित पहलवानों ने खेल मंत्री से की हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के उसके कामकाज में सरकारी हस्तक्षेप का हवाला देकर आगामी विश्व चैंपियनशिप से हटने के फैसले से प्रभावित पहलवानों ने शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया से इस मामले को सुलझाने की मांग की। डब्ल्यूएफआई के फैसले से प्रभावित 12 पहलवान मंत्री के आवास पर पहुंचे और उनसे हस्तक्षेप करने के लिए कहा। इनमें से कुछ पहलवानों के माता-पिता भी उनके साथ थे। बारह गैर ओलंपिक वर्ग की विश्व चैंपियनशिप 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में होनी है। अब जबकि इस प्रतियोगिता के शुरू होने में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब पहलवानों ने अदालत में याचिका भी दायर करने की कोशिश की लेकिन उन्हें वहां पहुंचने में देर हो गई। मनीषा भानवाला (65 किग्रा) ने पीटीआई से कहा कि हम खेल मंत्री के आवास पर आए हैं। हमें विश्वास है कि वह हमारी बात को सुनेंगे। हमारी क्या गलती है जो हमें इतनी बड़ी प्रतियोगिता में खेलने से वंचित किया जा रहा है। डब्ल्यूएफआई ने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया था। उसने कुश्ती की विश्व संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को बताया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है।

# दिलचस्प हुआ छतरपुर का चुनावी संग्राम

**- नामांकन के अंतिम दिन चुनावी दंगल में कूदे उम्मीदवार, अंतिम दिन 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर।** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन छतरपुर में गहमागहमी से भरा रहा। विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ रोड शो और पैदल मार्च करते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र जमा किया। प्रत्याशियों के वाहनों से लगी लंबी कतार के कारण लोग परेशान रहें। अंतिम दिन 11 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया जिसमें चंद्रमा कुमारी (निर्दलीय), संदीप कुमार (निर्दलीय), अनिल मांझी (निर्दलीय ) प्रीति राज (जेकेएलएम), चंचला देवी (बसपा), राधा कृष्ण किशोर (कांग्रेस), राजेश रौशन (निर्दलीय), अवधेश राम (लोकहित अधिकार पार्टी), ममता भुइंया (सपा), कन्हाई राम (हम) और विजय कुमार (राजद) शामिल हैं। प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ रोड शो के दौरान खूब शक्ति प्रदर्शन भी किया। छतरपुर की सड़कों पर झंडों, नारों और जोश के साथ सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार की शुरूआत की।

# बसपा प्रत्याशी शिवपूजन मेहता ने किया नामांकन

## कहा- आपसी एकता को तोड़ने वाले को सबक सिखायेगी जनता

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट से पूर्व विधायक सह बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद अनुमंडल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हुसैनाबाद में आपसी एकता को तोड़ने वाले लोगों को क्षेत्र की जनता सबक सिखायेगी। कहा कि जो भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे रहे हैं वह अब भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे है। इस बार ऐसे लोगों को क्षेत्र की जनता ने भगाने का मन बन लिया है। उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता ने विकास के मुद्दे पर बसपा को वोट देने का मन बना लिया है। कहा कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हैं और जिताने के लिए काम कर रहे हैं। कहा कि पार्टी इतनी मजबूत है किकार्यकर्ताओं की मेहनत से बसपा की जीत पक्की है। मौके पर जाकिर अली उर्फ राज अली, रूपा देवी, अक्षय मेहता, पुनीत अंबेडकर, पीयूष सुमन, गुरु प्रसाद, मुकेश कुमार, हरिनंदन कुमार आदि मौजूद थे।



### हुसैनाबाद से प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन 10 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें बसपा से कुशवाहा शिवपूजन मेहता, समाजवादी पार्टी (निर्दलीय) कमलेश कुमार यादव, निर्दलीय राजेन्द्र यादव, ओमप्रकाश कुमार, अवधेश सिंह, उमाशंकर शर्मा, बबलू कुमार, मुकेश चौधरी, अनिता देवी, निर्दलीय एम तौसीफ शामिल है। बतातें चलें कि हुसैनाबाद से अब तक कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है।

# पांकी विधानसभा से लाल सूरज ने किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी लालसूरज ने नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। वह अपने सैकड़ों समर्थक के साथ नामांकन करने पंहुचे थे। नामांकन के बाद नीलांबर पीताम्बरपुर लेस्लीगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने मेरे ऊपर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरनने की पूरी कोशिश करूंगा। मेरी सभी जाती व धर्म का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी आलकामन का आभार जताया। कहा कि पांकी विस क्षेत्र



में विकास और रोजगार के अवसर पैदा करना मेरा मुख्य उद्देश्य होगा। कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने पांकी विधानसभा के आमजनों के साथ विश्वासघात किया है। मेरे पिता स्वः मधु सिंह जब झारखंड सरकार में भूमि सुधार मंत्री थे उस समय पांकी विधानसभा के गरीब असहाय भूमिहीन को जमीन का पट्टा देने का काम किया था। मौके पर कांग्रेस नेता निरंजन यादव, सज्जाद खान, मुखिया मृत्युनंजय सिंह, परसनाथ सिंह, रिंकू सिंह, झामुमो नेता इकबाल अहमद, मुकेश यादव, पिंटू सिंह, भीम शुक्ला, अरविंद सिंह, सिंधु सिंह, निधि सिंह आदि उपस्थित थे।

# पार्षदों के विकास कार्यों को विधायक बता रहीं अपना : पार्षद

**झरिया के 11 पार्षदों ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को जीत दिलाने का लिया दृढ़ संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया की जनता पांच साल से बिजली-पानी जैसी अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझती रही और पार्षदों द्वारा किए गए विकास कार्यों को झरिया विधायक अपना विकास बता जनता को गुमराह कर रही हैं। एक बार फिर 2024 के विधानसभा चुनाव में विधायक भोली भाली जनता को गुमराह करने में जुटी है। उक्त बातें निवर्तमान 11 पार्षदों ने झरिया के भूतगढ़िया मैरेज हॉल में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। शुक्रवार को पार्षदों की ओर से झरिया विसस क्षेत्र से भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी रागिनी सिंह के सम्मान में समारोह आयोजित किया। सभी पार्षदों ने प्रत्याशी रागिनी सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए अपना समर्थन देकर विधानसभा चुनाव में भारी



मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। पार्षदों ने बताया कि नगर निगम बोर्ड द्वारा पूर्व भाजपा की सरकार में पारित योजनाओं को इस पांच साल के कार्यकाल में वर्तमान विधायक अपना विकास कार्य बता रही है। वार्ड की जनता सब जान चुकी है। वर्तमान सरकार में नगर निगम का चुनाव नहीं होना सरकार की मानसिकता साफ दिख रहा है कि जनता के प्रति कितने निष्ठावान है। वहीं, रागिनी सिंह ने कहा कि पार्षद के कंधों पर भी वार्ड के विकास की जिम्मेदारी होती है। हर जनता को अपने पार्षद से अपेक्षा होती है। वार्ड में विकास की रुपरेखा तय करने के लिए पार्षद हमेशा सक्रिय रहते हैं। ऐसे में पार्षदों द्वारा विकास कार्यों को विधायक अपना बता जनता को छल रही हैं। आरोप लगाया कि राज्य की वर्तमान सरकार में लूट खसोट तो हुआ ही अब विकास कार्यों में अपना नाम गिनाया जा राह है। वीं, रागिनी सिंह को समर्थन देने वालों में निवर्तमान पार्षद सुजीत सिन्हा, शिव कुमार यादव, अनुरंजन कुमार, विनय रजवार, संजय यादव, शैलेंद्र सिंह, नंदलाल पासवान, दिलीप आडवाणी, सुमन अग्रवाल, किरण देवी, हुलासो देवी और प्रियंका देवी शामिल थीं।

# धनबाद से राज सिन्हा और सिंदरी से तारा देवी ने दाखिल किया नामांकन

## आज व कल नहीं होगा नामांकन, चौथे दिन 13 लोगों ने खरीदा नामांकन पत्र




धनबाद विस से नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा व सिंदरी विस सीट से नामांकन दाखिल करतीं तारा देवी। साथ में सांसद ढुल्लू महतो व अन्य।

धनबाद जिले की सभी विधानभा सीटों के लिए अब तक खरीदे गये 78 नामांकन पत्र, सबसे ज्यादा 20 धनबाद विस के लिए हुई खरीदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जारखंड विधानसभा के 13 नवंबर को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ ही क्षेत्रिय पार्टियों और निर्दल प्रत्यासियों के नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन धनबाद विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, सिंदरी विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ने निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दूसरी ओर, नामांकन के चौथे दिन कुल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है। इसमें सिंदरी विस के लिए सामान्य वर्ग के दो व अनुसूचित जाति/जनजाति का एक, निरसा के लिए सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति/ जनजाति के एक-एक, धनबाद विस के लिए सामान्य वर्ग के दो, झरिया विस के लिए सामान्य वर्ग में दो, जबकि टुंडी के लिए सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति/ जनजाति के एक-एक और बाघमारा विधानसभा सीट के लिए सामान्य वर्ग से दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है। प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो शुक्रवार तक कुल 75 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। जिसमें सिंदरी के लिए 8, निरसा के लिए सात, धनबाद के लिए 20, झरिया के लिए 11, टुंडी के लिए 17 एवं बाघमारा विधानसभा के लिए 12 नामांकन पत्र शामिल है।

### विपक्षी दलों के पास मेरे खिलाफ उम्मीदवार ही नहीं : राज सिन्हा

नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि विपक्षी दलों के पास मेरे विरुद्ध प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में विपक्ष को धनबाद सीट पर वॉक ओवर दे देना चाहिए। कहा कि पिछले पांच वर्षों में झारखंड सरकार ने विकास का एक काम भी धनबाद में कराया। पानी-बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं यहां नदारद हैं। झारखंड की आइएनडीआइए गठबंधन सरकार ने एसीबी जांच के नाम पर धनबाद की सड़कों पर गड्ढा करके छोड़ दिया है। धनबाद में हत्या, रंगदारी के साथ आर्थिक अपराध हावी है। आज आइएनडीआइए गठबंधन की हालत ऐसी है कि धनबाद और बोकारो सीट पर उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। अन्य दलों से प्रत्याशी की तलाश हो रही है। अगर प्रत्याशी नहीं मिल रहे तो उन्हें वॉक ओवर ही दे दें।

### धनबाद की सभी छह विस सीटें भाजपा ही जीतेगी: पीएन सिंह

पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि धनबाद जिले की सभी छह सीटों भाजपा ही जीतेगी। कहा कि धनबाद और सिंदरी सीट पर आज राज सिंहा और तारा देवी ने नामांकन किया। ये दोनों सीटों पर बाजपा क्लीन स्विप करेगी। कहा कि झामुमो-कांग्रेस की सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के नाम पर यहां की भोली भाली माताओं बहनों को ठगने का काम किया है। अगर इतनी ही हितेषी है तो पहले ही यह योजना क्यों लेकर नहीं आई। आज चुनाव से पहले इस योजना को लाने का मुख्य मकसद चुनावी लाभ लेना है।

### कांग्रेस के पास प्रत्याशी नहीं, हमलोग से कहें प्रत्याशी भी दे देंगे : ढुल्लू

वहीं, सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रत्याशी ही नहीं है। हमलोग से कहे प्रत्याशी भी दे देंगे। सांसद ने कहा कि भाजपा हर धर्म और समाज के लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस बार भाजपा की लहर है और पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेंगें।

## कांग्रेस नेता रोहित यादव ने भरी चुनावी हुंकार



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा विधानसभा के चुनावी समर के बीच शुक्रवार को कांग्रेसी नेता रोहित यादव के नेतृत्व में सोनारडीह तेतुलिया ग्राउंड में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के करीबी कहे जाने वाले ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष रविन्द्र पाण्डेय समेत सांसद ढुल्लू महतो के दर्जनों समर्थक उनके समर्थन में दिखे। भारी जन समर्थन देख चुनाव लड़ने की जिद पर अड़े रोहित यादव ने खुलेआम ताल ठोंक दिया, पर मैदान मे निर्दलीय होंगे या फिर कोई पार्टी के बैनर पर इसकी शनिवार देर शाम में घोषणा होने की चर्चा है। बाघमारा सीट इस समय हॉट बनी हुई है और रोहित यादव के धुंआधार जनसभा व प्रचार ने बीजेपी एवं कांग्रेस प्रत्यासियों की नींद उड़ा रखी है। इस अवसर पर रोहित यादव ने कहा कि वे बाघमारा के सेवक हैं। यह चुनाव उन्हें बाघमारा की जनता लड़ा रही है। कहा कि कांग्रेस एवं राहुल गंधी सम्मान करते हैं, लेकिन परिस्थितियां विपरित बनेगी तो जनता के टिकट पर चुनाव जरूर लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव जनता और कार्यकर्ताओं के बल पर जीती जाती है। पार्टी तो केवल सिंबल देती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सर्वे के अनुरूप हमने टिकट की दावेदारी की थी पर हम पीछे रह गये। जो भी हो हम क्षेत्र के समर्थित हजारों कार्यकर्ताओं को किसी और के भरोसे नहीं छोड़ सकते। इस लिए चुनावी मैदान में उतरने का मन बना लिया है।

## न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

### तीन बंदी हुए चिन्हित, बंदियों दी गयी कानून की विभिन्न जानकारी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट , सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर वैसे बंदियों से बात की जिन्हें ट्रायल कोर्ट द्वारा सजा हो चुकी है पर किसी कारण से उसकी अपील उच्च न्यायालय में दाखिल नहीं हो पायी है। न्यायाधीश ने कुल तीन वैसे बंदियों की पहचान की जिनका अपील अभी तक दायर नहीं हो पायी है। न्यायाधीश ने तुरंत उनकी ओर से अपील दाखिल करने की कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं एक महिला बंदी ने अपने बच्चों से बात करने की इच्छा जताई जिस पर न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी के सहयोग से उसके बच्चों से बात करवाया गया।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त गुमला का कार्यालय
e-mail→observercellg@gmail.com

आम सूचना

झारखण्ड विधनसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 67–सिसई (अ0ज0जा0), विधानसभा आम चुनाव 2024 क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में Mr. Prashant Sharma, IAS, G-25187, General Observer, 67-Sisai (ST) की नियुक्ति की गई है।

Mr. Prashant Sharma, IAS, G-25187, General Observer, 67-Sisai (ST) का दिनांक–24-10.2024 को गुमला आगमन हो चुका है। सामान्य प्रेक्षक नया परिसदन, गुमला के 'कोयल' कमरा में आवासित हैं।

आम नागरिक चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए सामान्य प्रेक्षक से प्रत्येक दिन कार्य दिवस में पूर्वाह्न 9.30 बजे से पूर्वाह्न 10-30 बजे तक मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक 67-Sisai (ST) का सम्पर्क संख्या **9430703728** है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, गुमला

PR 339508 (Election)24-25*D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गुमला का कार्यालय
e-mail→observercellg@gmail.com

आम सूचना

झारखण्ड विधन सभा आम चुनाव 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 68–गुमला (अ0ज0जा0)विधान सभा आम चुनाव 2024 क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में Mr. Chhotay Singh, IAS, G-27250, General Observer, 68-(ST) Gumla की नियुक्ति की गई है ।

Mr. Chhotay Singh, IAS, G-27250, General Observer, 68-(ST) Gumla विधान सभा का दिनांक–24-10.2024 को गुमला आगमन हो चुका है। सामान्य प्रेक्षक स्थानीय परिसदन, गुमला के 'नाग फेनी'कमरा में आवासित हैं।

आम नागरिक चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए सामान्य प्रेक्षक से प्रत्येक दिन कार्य दिवस में पूर्वाह्न 9.30 बजे से पूर्वाह्न 10.30 बजे तक मिल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सामान्य प्रेक्षक, 68–गुमला (अ0ज0जा0)का सम्पर्क संख्या **9430703727** है।

प्रभारी पदाधिकारी, प्रेक्षक कोषांग, गुमला
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह–उपायुक्त, गुमला।

PR.NO.339510 Election(24-25):D

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(कार्मिक कोषांग)

आदेश

विधान सभा आम चुनाव–2024 के अन्तर्गत कतिपय नियुक्त मतदान कर्मियों के द्वारा स्वास्थ्य कारणों से चुनाव कार्य से विमुक्ति हेतु आवेदन पत्र समर्पित किया गया है।

उक्त क्रम में स्वास्थ्य कारणों से संबंधित आवेदनों की जॉच हेतु निम्न प्रकार चिकित्सा समिति का गठन किया जाता है।

1. डॉ0 संजय कुमार राजन, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, हजारीबाग।
2. डॉ0 सुभाष प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर प्रखण्ड, हजारीबाग।
3. डॉ0 राहुल कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमण्डल अस्पताल, बरही सम्प्रति केन्द्रीय कारा0, हजारीबाग।
4. डॉ0 मयंक प्रताप, विशेषज्ञ चिकित्सक, अनुमण्डलीय अस्पताल बरही, हजारीबाग।
5. डॉ0 ज्योति कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र, हजारीबाग।

उपरोक्त आवेदनों की जॉच हेतु चिकित्सा समिति के सभी सदस्य दिनांक 30.10.24 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से नये समाहरणालय भवन, हजारीबाग के ग्राउण्ड फ्लोर कमरा संख्या B-008 में उपस्थिति होकर संबंधित कार्य निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। चिकित्सा समिति के प्रस्ताव के आधार पर ही संबंधित मतदान कर्मियों को चुनाव कार्य से विमुक्त किया जायेगा। इस कार्य में श्री आनंद प्रभात कुल्लू, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना–सह–सहायक नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, हजारीबाग के द्वारा चिकित्सा समिति को समुचित सहयोग प्रदान किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 339516 (Election) 24-25 (D)

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(उत्पाद शाखा)

–: आदेश :–

विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिकी प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं **मेघा भारद्वाज** (भा०प्र०से०) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (C) में निहित निदेश के आलोक में एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम 1915 की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण कोडरमा जिला में विधानसभा आम निर्वाचन–2024 मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक तथा मतगणना के दिन यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन को शराब की बिकी पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्नरूप से घोषित करती हूँ–

| चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 13.11.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक– 11.11.2024 को शाम 5.00 PM से दिनांक– 13.11.2024 को शाम 5.00 PM तक |

तथा मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 23-11-2024 को भी सम्पूर्ण कोडरमा जिला में शुष्क दिवस (DRY DAY) रहेगा ।

उपरोक्त घोषित शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि में झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि० के माध्यम से संचालित सभी देशी/ विदेशी / कम्पोजिट शराब दुकान / होटल, बार एवं रेस्तरां, रेस्तरां / बार सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियां पूर्णतः बंद रहेगी । किसी भी होटल / रेस्तरां / दुकान / भोजशाला अथवा अन्य किसी लोक अथवा निजी स्थान से कोई भी स्प्रिटयुक्त लीकर, मादक पदार्थ या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ की बिक्री / वितरण / उपभोग प्रतिबंधित रहेगा ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 339515 Excise(24-25)#D

## शनिवार व रविवार को नहीं होगा नामांकन: डीसी

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि धनबाद जिले के सभी छह विधानसभा विधानसभा क्षेत्र में शनिवार एवं रविवार को नामांकन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को महीने का चौथा शनिवार एवं 27 अक्टूबर को रविवार होने के कारण दोनों दिन नामांकन नहीं होगा। नामांकन की प्रक्रिया पुनः सोमवार से शुरू होगी।

## अरुप-अपर्णा और अशोक ने सिर्फ अपना और अपने लोगों का ही भला किया : विजय यादव



निरसा (आजाद सिपाही)। निरसा विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) ने विजय यादव को प्रत्यासी बनाया है। शुक्रवार को निरसा के बिड़ला ढाल स्थित अग्रसेन भवन में संवाददाता सम्मेलन कर सपा प्रत्यासी ने निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी एवं वर्तमान विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के साथ ही अशोक मंडल पर जमकर जुबानी हमला किया। कहा कि ट्रिपल-ए ने निरसा के विकास की जगह सिर्फ अपना और अपने लोगों का ही विकास किया है।

## सिंदरी के बेलगड़िया में झामुमो नेता मुकेश सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



सिंदरी (आजाद सिपाही)। सिंदरी विधानसभा केंद्र के बेलगड़िया में झामुमो नेता मुकेश सिंह ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। यहां कॉलोनी वासियों से मिलकर हेमंत सरकार द्वारा राज्य की जनता के लिए किये गये विकास कार्यों से अवगत कराया। वहीं, मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ उठा रहे लाभुकों के चेहरे खिले दिखे। थे। उन सभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। लोगों ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि राज्य में फिर से हेमंत सोरन के नेतृत्व में ही महागठबंधन की सरकार बनेगी। मुकेश सिंह ने जब उन्हें बताया कि दिसंबर महीने से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़कर प्रत्येक लाभुक के खाते में 2500 रुपये जाएगी तो सभी बेहद खुशी हुए। इस दौरान मुकेश सिंह ने सिंदरी के कई अन्य क्षेत्रों का भी भ्रमण किया और लोगों से मिलकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। मौके पर गीता देवी, शशि सिंह, मीणा देवी, धनु कुम्हार, जीतन साव, सुरेश कुमार उपस्थित थे।

## वृद्धजनों को भेंट की दीपावली मनाने की सामग्री

धनबाद (आजाद सिपाही)। इनर व्हील क्लब माइलस्टोन के बैनर तले क्लब के सदस्यों ने दीपावली से पूर्व सहयोगी नगर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वृद्धजनों के लिए दीपक-बाती, सजावट का सामान, फल, मिठाई, नाश्ता और रोजमर्रा उपयोग में आने वाली अन्य वस्तुएं भेंट करने के साथ ही उनके साथ समय व्यतीत किया। क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा कि क्लब के सदस्यों का आश्रम आने का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ दीवाली के त्योहार की खुशियां बांटना और उनके साथ समय बिता कर अपनापन का एहसास दिलाना था। मौके पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि सहाय, सचिव ऋतु श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष रेणु कौशल आदि मौजूद रहीं। वहीं, आश्रम के संचालक नौशाद गद्दी ने सभी का आभार जताया।

## गोमिया विस सीट से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया नामांकन

### कहा- विकास के बल पर इंडी गठबंधन जीतेगा 70 से अधिक सीटें

तंज - विपक्ष 10 सीटे भी जीच जाए तो बहुत होगा
नामांकन रैली में उमड़ी कार्यकर्ताओं-समर्थकों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** गोमिया विधानसभा सीट से सत्तारूढ़ झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो ने शुक्रवार को तेनुघाट अनुमंडलीय कार्यालय में नामांकन पर्चा दाखिल किया। योगेंद्र महतो ने गोमिया के निवार्ची पदाधिकारी मुमताज अंसारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनकी पत्नी एवं पूर्व विधायक बबिता देवी, झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी एवं प्रस्तावक प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो, मनोज टुडू, अधिवक्ता रमेंद्र कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। नामांकन दाखिल करने के बाद बाहर निकलकर योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि जीत को लेकर आश्वस्त है। कहा कि हेमंत सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण पूरे झारखंड में झामुमो 70 से अधिक सीटे जीतेगी। उन्होंने कहा कि गोमिया विधानसभा में पांच वर्षों में विधायक ने विकास के नाम पर लोगों से सिर्फ छलावा ही किया है। कहा कि हमारी झामुमो सरकार पांच वर्षों में जो विकास कार्य किया है उसकी बदौलत पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। विपक्ष 10 का आंकड़ा भी पार कर पाएगी या नहीं इस पर ही संशय है। उधर, नामांकन दाखिल करने के बाद चिनियागढ़ा के चीनी टांड़ स्थित फुटबॉल मैदान में सभा हुई।

### बेरमो विस के लिए दो प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र





तेनुघाट (आजाद सिपाही)। नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन शुक्रवार को बेरमो विधानसभा सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। झारखंड बचाव क्रांतिकारी सेवा समिति (जेबीकेएसएस) संजय मेहता गुट से उमाशंकर शास्त्री उर्फ रंजित पांडेय के अलावा जयराम कुमार महतो (जेएलकेएम) झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नाम से नामांकन पत्र जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार महतो एवं संजय महतो द्वारा खरीदा गया। दोनों दलों के कार्यकर्ता ने उम्मीद जताई कि 28 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किया जाएगा। मौके पर शंभू शरण महतो, लूटन महतो, शशिभूषण महतो, देवनारायण महतो मौजूद थे। वहीं, गोमिया विधानसभा से अजय प्रजापति रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आंबेडकर ) एवं चितरंजन साव निर्दलीय प्रत्याशि के रूप में 29 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगें।

## एक साल से फरार वारंटी देवघर से गिरफ्तार



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा अंचल के पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी के निर्देश पर खरखरी ओपी प्रभारी शाहबाज अन्सारी ने शुक्रवार को एक साल से फरार वारंटी शिवाशिष कुमार को देवघर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबध में पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी ने बताया कि मुरलीडीह 20/21पिट के डीजी कॉलोनी के सीताराम धोबी की पत्नी धनेश्वरी देवी ने भाटडीह ओपी में 17 मई 2023 को देवघर जिला के टाउन निवासी शिवाशीष कुमार, मनोज रजक, सीमा देवी तथा दुगार्पुर आसनसोल निवासी गौतम कुमार घनी एवं विश्वश्री घनी पर अपने पुत्री का जबरन शादी का दबाव बनाने, मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजने और सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप लगाया था।

### साइक्लोन 'दाना' ओड़िशा के तट से टकराकर कमजोर पड़ा

# ओड़िशा-पश्चिम बंगाल में भारी बारिश

- फ्लाइट-ट्रेनें शुरू हुईं सात राज्यों में असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान दाना गुरुवार रात 12:05 बजे ओड़िशा के तट से 110 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से टकराया। सुबह करीब 8:30 बजे तूफान की लैंडफॉल प्रोसेस खत्म हुई। 8:30 घंटे में तूफान की रफ्तार 110 किमी प्रतिघंटा से घट कर 10 किमी प्रतिघंटा हो गयी। 'दाना' के असर से ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश हो रही है। भद्रक, केंद्रपाड़ा में 30 सेमी से ज्यादा बारिश का अनुमान है।

ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि अब तक 5.84 लाख लोगों को रिलीफ कैंप में शिफ्ट किया है। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, गाड़ियां भी डैमेज हुईं। वहीं पश्चिम बंगाल में एक की मौत हो गयी।

कोलकाता और भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गया है। कोलकाता से पहली फ्लाइट सुबह 8.40 बजे रवाना हुई। वहीं, रेलवे ने कहा कि कैंसिल ट्रेनों को छोड़ दें, तो ओड़िशा और पश्चिम बंगाल जाने वाली बाकी ट्रेनें शेड्यूल के हिसाब से चलेंगी।

भुवनेश्वर और कोलकाता एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम 5 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक 300 फ्लाइट्स कैंसिल रहीं। वहीं, साउथ ईस्ट रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, ईस्टर्न रेलवे और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे की 552 ट्रेनें रद्द की गयीं। ओड़िशा के अलावा तूफान का असर पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भी देखने को मिला। पश्चिम बंगाल सरकार ने 83000 लोगों को रिलीफ कैंप में पहुंचाया। एनडीआरएफ ने चक्रवात के आने के बाद केंद्रपाड़ा, भद्रक और जगतसिंहपुर में बहाली का काम शुरू कर दिया है।

एनडीआरएफ की टीम ने तटीय इलाकों में चक्रवात दाना के आने के बाद धामरा के उखड़े हुए पेड़ों को हटाया। एनडीआरएफ इंस्पेक्टर विक्रम ने कहा कि हम सुबह 4:00 बजे से ही सड़कें साफ कर रहे हैं।



### घर खोनेवाले लोगों को पक्के घर मिलेंगे: राजस्व मंत्री

ओड़िशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि चक्रवात दाना के दौरान अपने घर गंवाने वाले लोगों को पक्के मकान मिलेंगे। चक्रवात के आने के बाद स्थिति की समीक्षा करते हुए पुजारी ने कहा कि भद्रक और केंद्रपाड़ा जैसे जिले चक्रवात दाना से बड़े पैमाने पर प्रभावित हुए हैं। नुकसान का प्रारंभिक आकलन हवाई तरीके से किया जायेगा और मैं शनिवार को क्षेत्र का दौरा करूंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र अधिकारी चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन शुरू करेंगे और इसे सात दिनों के भीतर पूरा कर लेंगे। राजस्व, कृषि और सहकारिता अधिकारी भी नुकसान का पता लगाने के लिए मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे। मंत्री ने कहा कि बिजली बहाली का काम जोरों पर चल रहा है। उखड़े हुए पेड़ों और बिजली के खंभों से अवरुद्ध सड़कों को साफ करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। कुछ जगहों पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई है, क्योंकि तेज हवा और पेड़ गिरने के कारण तार टूट गये हैं। मंत्री ने अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की मदद और समर्थन से छह लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पुजारी ने केंद्रापड़ा जिले के खासमुंडा गांव की आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) कार्यकर्ता सिबानी मंडल की भी सराहना की, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से कई बुजुर्गों को अपनी पीठ पर लादकर पास के चक्रवात आश्रय स्थल की सुरक्षा में पहुंचाया।

### किसी के हताहत होने की सूचना नहीं: सीएम

ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को कहा कि चक्रवात दाना के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सीएम ने कहा कि चक्रवाती तूफान दाना 24 और 25 अक्टूबर की रात को भितरकनिका और धामरा तटों के बीच पहुंचा। यह प्रक्रिया आज सुबह 7:00 बजे तक जारी रही... सतर्क प्रशासन और तैयारियों के कारण, कोई हताहत नहीं हुआ। सरकार का 'शून्य हताहत' का लक्ष्य हासिल हो गया है। लगभग 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। 6,000 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्रों में स्थानांतरित किया गया है।

# भारत-जर्मनी ने रोजगार और तकनीकी के क्षेत्र में किये समझौते

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज भारत दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दूसरे दिन ओलाफ शोल्ज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान प्रदान किया। इनमें नवाचार व प्रौद्योगिकी पर रोडमैड, रोजगार और श्रम क्षेत्र के एमओयू शामिल हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन चांसलर से कहा, 'मैं जर्मनी और भारत के सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आइजीसी) में आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। यह आपका तीसरा भारत दौरा है। सौभाग्य से यह मेरे तीसरे कार्यकाल की पहली आइजीसी है। एक तरह से यह हमारी दोस्ती का ट्रिपल सेलिब्रेशन है। हमने 2022 में बर्लिन में आखिरी आइजीसी में अपने द्विपक्षीय सहयोग पर महत्वपूर्ण फैसले लिये। दो वर्षों में हमारे रणनीतिक संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हुई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी, उर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ता सहयोगी आप आपसी भरोसा सहयोग का प्रतीक बन गया है।'



प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। ऐसे समय में भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी एक मजबूत आधार बनकर उभरी है। यह लेन-देन के संबंध नहीं हैं, बल्कि यह दो सक्षम और सशक्त लोकतंत्रों की परिवर्तनकारी साझेदारी है। इस संबंध में, हम आपकी ओर से जारी 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति का स्वागत करते हैं। मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और उसे आगे बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहलें कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमने जर्मन बिजनेस के एशिया प्रशांत सम्मेलन में हिस्सा लिया। कुछ ही देर में हम सीईओ फोरम में भी हिस्सा लेंगे। इनसे हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हमारी अर्थव्यवस्थाओं में विविधता लाने और जोखिम कम करने में भी गति मिलेगी। इससे एक सुरक्षित और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला बनाने में मदद मिलेगी। हमने जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप वैश्विक स्तर नवीकरणीय उर्जा में निवेश के लिए एक मंच बनाया है। आज ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप भी जारी किया गया है। हमें खुशी है कि भारत और जर्मनी के बीच शिक्षा, कौशल, मोबिलिटी पर काम चल रहा है। हम जर्मनी की ओर से जारी कुशल श्रम मोबिलिटी रणनीति का स्वागत करते हैं।

# तालचेर रोड स्टेशन : पूर्व तट रेलवे में अमृत स्टेशन का किया जा रहा विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तालचेर रोड रेलवे स्टेशन के अंतर्गत पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड रेलवे जोन का लगभग 19 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य यात्री सुविधा में सुधार करना और आसपास के कोयला क्षेत्रों, बिजली संयंत्रों और अन्य उद्योगों द्वारा उत्पन्न ट्रैफिक का प्रबंधन करना है।

रेल मंत्रालय द्वारा घोषित 57 अमृत स्टेशनों में से, तालचेर रोड स्टेशन क्षेत्र की बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। जबकि इस स्टेशन पर वर्तमान में 22 ट्रेनें चलती हैं, आसपास के क्षेत्र में चल रहे औद्योगिक विकास के कारण स्टेशन पर यात्री यातायात अपेक्षाकृत बढ़ने की उम्मीद है।



प्रस्तावित विकास योजना में यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई नई सुविधाएं शामिल हैं। इसमें 300 वर्ग मीटर में फैला एक नया स्टेशन भवन (जी+1), ट्रैफिक प्रवाह में सुधार और विशाल पैदल क्षेत्र (2055 वर्ग मीटर) का सौंदर्यीकरण, अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार के साथ बेहतर यातायात प्रबंधन का प्रावधान, मौजूदा स्टेशन भवन (990 वर्गमीटर) का उन्नत मुखशाला। दोपहिया, चार पहिया और ऑटो के लिए डिजाइन किया गया एक सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र (1854 वर्गमीटर), स्टेशन प्लेटफार्मों पर कुल 35 बे (आश्रयोंस्थल) का निर्माण, 140 वर्गमीटर का विशाल प्रतीक्षालय, प्रीमियम मॉड्यूलर शौचालय (70 वर्गमीटर), 12.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का प्रावधान और पुनर्निर्मित प्लेटफॉर्म सतहें ग्रेनाइट और भारी-मोजेक टाइलों से निर्मित हैं।

वर्तमान में परियोजना कार्य में 51 प्रतिशत प्रगति हो चुकी है। यह विकास प्रमुख स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे और यात्री सेवाओं को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो स्थानीय आबादी और उद्योगों दोनों की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

### एमसीएल का सतर्कता जागरूकता सप्ताह, ग्राम सभा और बोलीदाताओं की बैठक

# भ्रष्टाचार उन्मूलन में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** तीन महीने तक आयोजित किये जाने वाली निवारक सतर्कता अभियान के अन्तर्गत, एमसीएल द्वारा अखंडता की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय के तहत 23 अक्टूबर को संबलपुर के करडोला गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। एमएम सरेवर, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन/सतर्कता) की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वीएस तिमैया, महाप्रबंधक (खनन/सतर्कता)/मुख्य सतर्कता अधिकारी के तकनीकी सचिव, डी सेठी, मुख्य प्रबंधक (इएंडएम), गोरख राउत(करडोला गांव के सरपंच), सुधांशु शेखर पाणिग्रही आदि उपस्थित थे।



करडोला गांव में आयोजित ग्राम सभा में एमसीएल के अधिकारियों और गांव के प्रतिनिधियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। एमसीएल अधिकारियों ने गांव के सभी प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के माध्यम से भ्रष्टाचार उन्मूलन पर बल दिया गया।

एमसीएल कार्पोरेट कार्यालय में एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल की अध्यक्षता में बीर्डस-मीट (बोलीदाताओं) की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बीडरस-मीट में खनन, दूरसंचार, सिविल कार्य, कोयला लोडिंग और परिवहन कार्य समेत विभिन्न क्षेत्रों के बोलीदाताओं ने एमसीएल अधिकारियों के साथ चर्चा की एवं मौजूदा प्रक्रियाओं से संबंधित मुद्दे उठाये गये और प्रणालीगत सुधार के लिए सुझाव दिये गये। एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल ने उठाये गये मुद्दों पर विचार प्रस्तुत करने हेतु सलाह दी और उन्होंने उक्त बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी।

## वाराणसी में ज्ञानवापी की नहीं होगी खुदाई, हिंदू पक्ष की याचिका खारिज

**वाराणसी (आजाद सिपाही)।** वाराणसी में ज्ञानवापी के पूरे परिसर की अतिरिक्त सर्वे की मांग पर वाराणसी कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अदालत ने हिंदू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है। उनकी तरफ से एएसआइ सर्वे और सेंट्रल डोम के नीचे खुदाई कराकर सर्वे कराने की याचिका दायर की गयी थी। हिंदू पक्ष की तरफ से वकील जय शंकर रस्तोगी ने बताया कि एएसआइ सर्वे कराने की मांग को जिला कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हम इस मामले को लेकर अब हाइकोर्ट जायेंगे। 33 साल से लंबित इस मामले में शुक्रवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक) युगुल शंभू ने मुस्लिम पक्ष की दलील और वकीलों की बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।












# एम्स में अब हर महीने होगी ढाई हजार सर्जरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एम्स दिल्ली में अब ऑपरेशन के लिए मरीजों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एम्स के ट्रॉमा सेंटर में बनाये गये पांच मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर के उद्घाटन के साथ अब ट्रॉमा सेंटर में ऑपरेशन थियेटर की संख्या 11 हो गयी है। एम्स प्रबंधन का कहना है कि पहले हर माह 1200 से 1500 सर्जरी होती थी, वहीं अब करीब 2200 से 2500 सर्जरी हर महीने हो सकेगी। अत्याधुनिक तकनीक वाले इन ऑपरेशन थियेटर में मरीजों को संक्रमण का खतरा भी नहीं होगा। दिल्ली एम्स में जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर (जेपीएनएटीसी) में इन पांच अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का उद्घाटन ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ कामरान फारूखी ने किया है। एम्स प्रबंधन का कहना है कि ऑपरेशन थियेटर शुरू होने से मरीजों को सर्जरी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मॉड्यूलर ओटी में वॉल पैनल खास हैं। इसमें लेमिनर फ्लो वातानुकूलित उपकरण लगाये गये हैं। इसमें लगे फिल्टर संक्रमण का खतरा बेहद कम कर देते हैं। ऑपरेशन थियेटर का तापमान और एयर फ्लो नियंत्रित किया जा सकता है।

**एम्स में हाइब्रिड ऑपरेशन थिएटर बनेगा :** एम्स दिल्ली में एक से डेढ़ वर्ष में एक हाइब्रिड ऑपरेशन थिएटर भी बनकर तैयार हो जायेगा। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी प्रो. डॉ कामरान फारूखी ने बताया कि इस ऑपरेशन थिएटर में सीटी स्कैन, एंजियोग्राफी समेत कई सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल जायेंगी। मरीज को इनके लिए किसी अन्य विभाग में नहीं ले जाना पड़ेगा। उन्हें बेहतर इलाज तत्काल एक ही जगह पर मिल जायेगा।























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**